आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 323 | उज्जैन, शनिवार 06 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 2 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# विधानसभा में विपक्ष का सियासी तूफान

## लैंड पुलिंग, बिजली खरीदी, आरजीपीवी घोटाला और 108 एंबुलेंस पर गरमाया माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र में आज कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोरदार चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस विधायक महेश परमार ने उज्जैन में हो रही लैंड पुलिंग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों के लगातार संघर्ष के बाद सरकार ने लैंड पुलिंग को निरस्त करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसका लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि घोषणा पत्र कब जारी होगा और आदेश कब आधिकारिक रूप से रद्द होगा।

कांग्रेस की ओर से सत्र में शुरू से ही किसानों को लेकर जमकर मुद्दे उठाए गए हैं। किसानों को मुआवजा, राहत राशि जैसे मुद्दों पर कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरा और सीधे तौर पर इसको लेकर सदन में प्रदर्शन भी किया है। तराना क्षेत्र के कांग्रेस विधायक महेश परमार में सदन में कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले सहित आसपास के सभी जिलों में सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। फसल 2700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक गई तो क्या सरकार भावांतर देगी। लहसुन और प्याज की स्थिति भी किसानों के विपरीत हो गई हैं। सड़कों पर किसानों को प्याज फेंकना पड़ रहा है। सरकार का किसानों पर ध्यान नहीं है।

इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव घोषणा कर चुके हैं और पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा। इसी पर कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने टिप्पणी की कि किसान चिंतित हैं और प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बोल दिया है तो अब क्या बचता है, यानी आदेश जल्द आ जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान कुल 14 विधायक अनुपस्थित पाए गए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 108 एंबुलेंस सेवा में घोटाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जय अम्बे कंपनी ने फर्जी तरीके से टेंडर लिया है. कंपनी का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं है, एंबुलेंस एक दिन में 400 किलोमीटर तक चलाई जा रही हैं, समय पर एंबुलेंस नहीं पहुँचती और कंपनी का अनुभव प्रमाणपत्र भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी कोयला कारोबार से जुड़ी है और श्रम कानूनों का पालन नहीं कर रही।




### बंदर सरकार का उस्तरा नहीं चलेगा

विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में प्रदेश की कठपुतली भाजपा सरकार के विरुद्ध सांकेतिक प्रदर्शन किया। इसमें कांगेस कार्यकर्ताओं ने बंदर का मुखौटा लगाया था। कांग्रेस के फेसबुक पेज पर इसे लगाया गया है। आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं, चाहे जनसेवा मित्र हों या सरकारी भर्ती प्रक्रियाएं, सब कुछ ठप पड़ा है। महिलाओं की सुरक्षा संकट में है, किसान आत्महत्या को मजबूर हैं और बढ़ते अपराधों ने कानून-व्यवस्था को चौपट कर दिया है। प्रदेश की यह दयनीय स्थिति साफ बताती है कि बंदर के हाथ में उस्तरा दे दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान विधायकों ने नारेबाजी भी की।

### कांग्रेस के तेज प्रदर्शन सीधे सीएम पर वार

मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तेज धार रही और सीधे सीएम डॉ. मोहन यादव पर ही उन्होंने वार किया है। विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने किसानों के लिए प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की जिसमें किसानों को राहत राशि देना होगी और किसानों को मुआवजा भी देना होगा। किसानों पर अत्याचार बंद करो, मुख्यमंत्री होंश में आओ जैसे नारे लगाए।

### पेड़ कटाई का मुद्दा, कांग्रेस ने किया वॉकआउट

मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है। कांग्रेस ने सदन में सिंगरौली जिले के जंगल में 6 लाख पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाया। जिसका वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सही से जवाब नहीं दे पाए। इसी दौरान पक्ष-विपक्ष में बहस शुरू हो गई। जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया। दरअसल, कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने सिंगरौली में पेड़ कटाई को अवैध बताते हुए कहा कि सारी कटाई परमिशन के आधार पर की जा रही है तो फिर विरोध की स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है। 8 गांव अधिसूचित क्षेत्र से बाहर कैसे हो गए? जिसके जवाब में वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि जो भी पेड़ काटे गए हैं, वह नियमानुसार काटे गए हैं। जितने काटे जा रहे हैं, उतने पेड़ लगाए भी जा रहे हैं। जितनी जमीन जा रही है। उतनी जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने यह भी तर्क दिया कि ये सही नहीं है कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई की जा रही है। खान और खनन मंत्रालय के निर्देश के आधार पर ही 2672 हेक्टेयर क्षेत्र में कटाई हुई है। जो भी पेड़ काटे गए हैं, वह नियम अनुसार कटे हैं।

**सिंगरौली में काटकर...शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं-** विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि सिंगरौली से पेड़ काटकर सागर और शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं, ये कैसा न्याय है। अडाणी को श्रेष्ठ बताने के लिए ये लोग सिंगरौली के आदिवासियों के जमीन से पेड़ काटे जा रहे हैं।

### उमंग सिंघार बोले- सिंगरौली ब्लॉक पेसा एक्ट के दायरे में



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पहले सिंगरौली ब्लॉक पेसा एक्ट के दायरे में आ रहा था, तो संसदीय कार्य मंत्री ने गलत जानकारी क्यों दी कि वह इलाका पेसा के दायरे में नहीं आता था। जबकि अगस्त 2023 में इसे लेकर स्पष्ट कहा गया है कि वह इलाका पेसा एक्ट के दायरे में आता है। सरकार को इसके बारे में जवाब देना चाहिए।

### रूपए 165 करोड़ प्रतिदिन कर्ज- जीतू पटवारी



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की सरकार 165 करोड़ रूपए प्रतिदिन कर्ज लेती है। मुख्यमंत्री जी रोज इवेंट करते हैं। माईक, टेंट, बहनें सब कर्ज लेकर करते हैं। मुख्यमंत्री जी की मात्र 3 विदेश यात्रा में 34 करोड का खर्च हुआ है। हमारी सरकार कर्ज लेकर राजनीतिक अय्याशी करती है। राजनीतिक रूप से इवेंट करती है, विज्ञापन देती है, करो अभिनंदन बजाओ ताली।

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने जवाब में कहा कि शहरों में एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम 18 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 मिनट है। राज्य में कुल 2061 एंबुलेंस हैं। उन्होंने बताया कि मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 हो गई है और शिशु मृत्यु दर भी 41 से 37 हो गई है. 2022 में पारदर्शी तरीके से टेंडर किया गया था। उन्होंने कहा कि मामले की दोबारा जांच कराई जाएगी। कंपनी पर 85 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है और कई एंबुलेंस अधिक चलने की रिपोर्ट आई थी जिसके कारणों की जांच चल रही है. उन्होंने कहा कि अब तक 1 करोड़ से अधिक लोगों को एंबुलेंस सेवा का लाभ मिला है और मॉनिटरिंग सिस्टम में सुधार किया जाएगा।

विधानसभा का शीतकालीन सत्र खत्म

## 13476 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट मंजूर

मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार अनिश्चितकाल के लिये समाप्त हो गया। इस दौरान द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को विकसित मध्य प्रदेश बनाकर साकार करेंगे। हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। विकसित भारत बनाना केवल एक मिशन नहीं हमारा धर्म भी है। दरअसल, राज्य का मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का था। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट था। गरीब, महिला, किसान और युवा सभी वर्गों की बेहतरी के लिए सरकार आगे बढ़ रही है। मोहन यादव ने कहा कि इन स्वीकृतियों से मध्य प्रदेश विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर होगा। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण विधेयक मध्य प्रदेश नगर पालिका संशोधन विधायक 2025 प्रस्तुत हुआ।

- **डिप्टी सीएम बोले- कर्ज नहीं निवेश है :** विपक्ष द्वारा कर्ज लिए जाने को बार-बार मुद्दा बनाए जाने पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा, यह कर्ज नहीं निवेश है। नियम और प्रक्रिया में समय सीमा में कर्ज ले रहे हैं। ब्याज समय पर दे रहे हैं और विकास के काम इससे कर रहे हैं। सरकार की जो भी योजनाएं हैं, वह किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं है बल्कि सबके लिए हैं।
- **द्वितीय अनुपूरक बजट पेश:** द्वितीय अनुपूरक बजट को लेकर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि 13,476.94 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4 हजार करोड़, उपार्जन संस्थाओं को ऋण देने के लिए 2 हजार करोड़, लाडली बहना योजना के लिए 1794 करोड़, पंचायत विभाग के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के दिए 1,633 करोड़ और उद्योग, कृषि और अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए सदन ने राशि स्वीकृत की है।
- **स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर, प्राचार्य को किया निलंबित:** शीतकालीन सत्र के ध्यानाकर्षण में स्कूल के वाशरूम में सीसीटीवी कैमरे का मुद्दा बीजेपी विधायक ने उठाया। बताया कि कि रतलाम के स्कूल में लगाए गए कैमरे। एक स्कूल में स्टूडेंट तीसरी मंजिल से कूदा, रतलाम के ही एक स्कूल में रेप की घटना हुई थी। दरअसल रतलाम स्कूल छात्र मामले में बीजेपी विधायक राजेंद्र पांडे ने ध्यानाकर्षण लगाया। जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि निजी स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर हुई है। प्राचार्य को संस्था ने निलंबित कर दिया है। 3 दिसम्बर को निजी स्कूल के निलंबन के लिए कारण बताओ नोटिस दिया है।
- **डीईओ को सीबीएसई स्कूल तवज्जों नहीं देते:** विधायक ने कहा- निजी स्कूल छात्रों और अभिभावकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। निजी स्कूल के टॉयलेट में सीसीटीवी कैमरे लगाए। स्कूल में रेप की घटना का विधायक राजेन्द्र पांडे ने जिक्र किया। सीबीएसई स्कूलों पर राज्य सरकार का क्या नियंत्रण है, डीईओ को सीबीएसई स्कूल तवज्जों नहीं देते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने जवाब में कहा- बालक का तीसरी मंजिल से कूदने का मामला है। सरकार की तरफ से सभी स्कूलों में जागरूक कार्यक्रम चलाए जाएंगे। मोबाइल के दुरुपयोग पर जानकारी देंगे। मंत्री ने कहा- सीबीएसई स्कूल को राज्य सरकार एनओसी देती है तब मान्यता मिलती है, कहीं कोई शिकायत है तो सरकार एनओसी वापस ले लेगी।

### अनुपूरक बजट की विशेषताएं

- द्वितीय अनुपूरक अनुमान में कुल- 13476.94 करोड़ का प्रावधान
- प्रधानमंत्री आवास योजना में- 4000 करोड़ का प्रावधान।
- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-1794 करोड़ का प्रावधान
- मूलभूत जन सुविधाओं के लिए स्थानीय निकाय- 1633 करोड़ का प्रावधान
- पूंजीगत मद में -5028.37 करोड़ का प्रावधान

## जयस ने एक ही मामले में बार-बार याचिका लगाई तो हाईकोर्ट ने एक लाख का दंड लगाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने एक जनहित याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की है कि क्या कोर्ट को तमाशा समझ रखा है, जो एक ही मामले में बार-बार याचिका लगाई जा रही है। इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने जनहित याचिका को निजी उद्देश्य से प्रेरित माना। साथ ही याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए एक लाख रुपए दंड लगाया है।

यह याचिका आदिवासी संगठन जयस के खरगोन जिला अध्यक्ष सचिन सिसोदिया ने लगाई थी। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच ने सचिन सिसोदिया की ओर से दायर



जनहित याचिका खारिज करते हुए इसे निजी उद्देश्यों पर आधारित और जनहित से परे बताया। इसमें शासन की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल आनंद सोनी ने तर्क रखे। कोर्ट ने आदेश में कहा कि इसी विषय पर पहले भी याचिकाएं दायर की गई थीं, जिन्हें बाद में याचिकाकर्ताओं ने वापस ले लिया था। उपलब्ध अभिलेखों, फेसबुक पोस्टों तथा परिस्थितियों के आधार पर कोर्ट ने माना कि वर्तमान जनहित याचिका में व्यक्तिगत रंजिश और उद्देश्य की संभावना अधिक है, न कि सार्वजनिक हित।

ईओडब्ल्यू कर रही जांच

## सरकारी टीचर के पास मिली 4.36 करोड़ रुपये की संपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीधी

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) टीम रीवा ने शुक्रवार की तड़के शासकीय शिक्षक अभिमन्यु सिंह के आवास से छापामार कार्रवाई की। 6 सदस्यीय टीम ने सुबह 5 बजे सिंह के तीन ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। कार्रवाई पटेल पुल स्थित आवास और मड़वास में बने दो अन्य घरों में की गई। कुसमी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल खोखरा में पदस्थ शिक्षक अभिमन्यु सिंह पर आरोप है कि उन्होंने अपने सरकारी कार्यकाल में आय से कई



गुना अधिक संपत्ति अर्जित की। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की प्रारंभिक जांच के अनुसार, वर्ष 1998 से फरवरी 2025 तक उनकी वैध आय के अनुसार कुल संपत्ति 57.28 लाख रुपये होनी थी, जबकि जांच टीम को 4.36 करोड़ रुपये की बेहिसाब संपत्ति मिली है। इस बड़े अंतर के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि शिक्षक के घर में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई जारी है। कई दस्तावेज, बैंक डिटेल्स और प्रॉपर्टी रिकॉर्ड जब्त किए जा रहे हैं।

## 4 दिन में 1200 से ज्यादा उड़ानें रद्द

### सरकार बैकफुट पर, देशभर में इंडिगो पैसेंजर 4 दिनों से परेशान, मारपीट के हालात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नए नियमों से राहत दे दी है। सरकार ने अपना वह आदेश तत्काल वापस ले लिया है, जिसके तहत पायलटों समेत अन्य क्रू को हर 7 दिनों में लगातार 48 घंटे का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य किया गया था।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के नए नियमों में वीकली रेस्ट और छुट्टियों को अलग-अलग मानने का प्रावधान था। यह नियम पायलटों और अन्य क्रू के थकान को कम करने के लिए बनाया गया था। हालांकि, अब क्रू को



पहले की तरह हर 7 दिनों में लगातार 36 घंटे का आराम मिलेगा।

डीजीसीए के नए नियमों के कारण इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स (पायलट सहित अन्य फ्लाइट स्टाफ) की कमी से जूझती दिखी। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं।

### यात्री सुरक्षाकर्मियों से बहस और झगड़ा करते देखे गए

एयरपोर्ट पर हालात बदतर हैं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें फ्लाइट्स की जानकारी नहीं मिल रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री पानी, खाना और जरूरी सामानों के लिए स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों से बहस करते और झगड़ा करते देखे गए। कई जगह मारपीट की नौबत आ गई।






## देश विदेश

### लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो जाएंगे। मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी। आरबीआई ने रेपो रेट को 0.25% घटाकर 5.25% कर दिया है। इस कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 3 से 5 दिसंबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसंबर को इसकी जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। यानी, आने वाले दिनों में होम और ऑटो जैसे लोन 0.25% तक सस्ते हो जाएंगे। ताजा कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी।

### कथावाचक इंद्रेश और शिप्रा शर्मा ने 7 फेरे लिए

**जयपुर।** वृंदावन (मथुरा) के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने आज हरियाणा की शिप्रा शर्मा के साथ जयपुर में सात फेरे लिए। वैदिक रीति-रिवाज से हुई शादी की मुख्य रस्में करीब 3 घंटे तक चलीं। तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बनाए गए विवाह मंडप में दूल्हे के पीछे माता-पिता के साथ पंडित धीरेंद्र शास्त्री बैठे थे। फेरे की रस्म के दौरान देवी चित्रलेखा, भागवत प्रभु सहित कई साधु-संत और सेलिब्रिटी भी मौजूद रहे। इससे पहले जयपुर एयरपोर्ट पर साथ में पहुंचे कुमार विश्वास और धीरेंद्र शास्त्री ने दूल्हा-दुल्हन को शुभकामनाएं दीं। धीरेंद्र शास्त्री की शादी को लेकर कुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा कि- अब इन्हीं का नंबर है। होटल के जयगढ़ लॉन में हुए मुख्य फंक्शन में हरिद्वार, नासिक, वृंदावन से आए 101 पंडितों ने फेरे व शादी की रस्में पूरी करवाईं।

### रणवीर सिंह के खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज



माफी मांगने के बावजूद खत्म नहीं हुआ विवाद
कांतारा की देवी को भूत कहकर मजाक उड़ाया था

**मुंबई।** रणवीर सिंह फिल्म कांतारा में दिखाई गईं देवी को भूत कहकर मजाक उड़ाने से विवादों में घिर गए हैं। हाल ही में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे जाने की भी मांग हुई थी। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए माफी भी मांगी थी, हालांकि इसके बावजूद उनके खिलाफ दूसरी शिकायत दर्ज हो गई है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट के वकील प्रशांत मेथल ने बैंगलोर के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में रणवीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में लिखा है कि रणवीर सिंह ने पूज्यनीय गुलिगा दैव का मजाक बनाया और उन्हें अपमानजनक और मजाकिया ढंग से पेश किया, जिससे हिंदुओं और खासकर तुलु समुदाय से जुड़े लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। एडवोकेट प्रशांत मेथल ने शिकायत में ये भी लिखा है कि रणवीर ने दैव को भूत कहा और जानबूझकर अपमान किया। उन्होंने शिकायत दर्ज करवाते हुए मांग की है कि एक्टर के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैंगलोर में दर्ज हुई इस शिकायत से पहले भी रणवीर सिंह के खिलाफ पणजी में शिकायत दर्ज हो चुकी है। 2 दिसंबर को हिंदू जनजागृति समिति ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में रणवीर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कानूनी कार्यवाही के साथ माफी की भी मांग की थी, जिसके बाद एक्टर ने सार्वजनिक तौर पर माफीनामा जारी किया था। रणवीर सिंह ने माफीनामा जारी कर आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है- मेरा इरादा फिल्म (कांतारा) में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था। एक अभिनेता होने के नाते, मैं जानता हूं कि उस खास सीन को जिस तरह से उन्होंने निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत लगती है और इसके लिए मैं उनका अत्यधिक सम्मान करता हूं।

### भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह अटल: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर बताया है। उन्होंने कहा, पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है। मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुईं, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है।

### रतन टाटा की सौतेली मां सिमोन टाटा का निधन

**मुंबई।** रतन टाटा की सौतेली मां और नोएल टाटा की मां सिमोन दुनोयर टाटा का निधन हो गया। 95 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। स्विट्जरलैंड में जन्मीं सिमोन ने भारत आकर न सिर्फ टाटा परिवार में जगह बनाई, बल्कि कॉस्मेटिक ब्रांड लेक्मे को ग्लोबल बनाया। सिमोन टाटा का जन्म स्विट्जरलैंड के जेनेवा में हुआ था। इनका पूरा नाम सिमोन नेवल दुनोयर था। 1953 में वे भारत घूमने आईं और जेआरडी टाटा के सौतेले भाई नवल एच टाटा से 1955 में शादी की। नवल टाटा की पहली पत्नी सूनी कॉमिस्सैरिएट से दो बेटे- रतन टाटा और जीमी टाटा थे। लेकिन, दूसरी पत्नी सिमोन ने परिवार को एकजुट रखा। नोएल टाटा उनके बेटे हैं, जो आज टाटा ट्रस्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर में बड़े रोल संभाल रहे हैं।

## शुक्रवार का महाकाल श्रृंगार



## कुंभकर्णी नींद, जगाना मुश्किल...

शहर में पिछले लंबे समय से कुंभकर्णी नींद में सो रहे ऐसे लोगों को जगाना मुश्किल हो रहा है जो चंद रूपयों की बचत के लालच में समाज में डिस्पोजेबल में भरकर जहर परोस रहे हैं। इसे लेकर कई बडे कैंसर विशेषज्ञ एवं बडे चिकित्सक बार-बार लोगों को जगा रहे हैं कि डिस्पोजेबल का उपयोग किसी हालत में न करें। चाय में तो कतई इसका उपयोग नहीं किया जाए ,उसके बाद भी शहर भर की दुकानों में एक तरफा इसका उपयोग धडल्ले से चल रहा है। शहर सरकार के प्रशासनिक नए मुखिया ने आते ही इस पर वार किया था। पता नहीं क्यों बाद में वे इस मामले में ठंडे हो गए और शहर सरकार के मित्रों की कार्रवाई भी ठंडी हो गई। शहर सरकार के मुखिया ने भी इसे लेकर पूर्व में एवं एक बार फिर से आमजन से अपील की है लेकिन उपयोग करने वाले कुंभकर्णी नींद से जागने को ही तैयार नहीं है। शहर में बराबर इसका उपयोग दिन प्रति दिन बढता ही जा रहा है। कार्रवाई यूं कहें की उंट के मुंह में जीरे जैसी ही है। वैसे भी पर्यावरण से जुडा यह मामला कार्रवाई से कम और जन जागरूकता का ज्यादा है। इसका उपयोग सर्वाधिक छोटी मोटी दुकानों पर ज्यादा हो रहा है। खास तो यह है कि जैसे तो इसमें पेय पदार्थ परोसने वाले और वैसे ही इसमें पेय पदार्थ का उपयोग करने वाले। एक का आग्रह तो दुसरे का स्वीकार्य से ये मसला चल रहा है। न तो आग्रह वाला इस परेशानी को त्यागना चाह रहा है न ही स्वीकार्य करने वाला इसे लेकर इंकार कर रहा है। खुसूर-फुसूर है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में शहर में डिस्पोजेबल से मिलने वाली बीमारी के मरीजों की गणना का हाल क्या होगा। शहर के आमजन के स्वास्थ्य को लेकर नगर सरकार को इस मामले में अब अपील,आग्रह से आगे बढकर कडे निर्णय की और कदम बढाना चाहिए।

खुसूर फुसूर

### मंगलदीप कालोनी में निर्माणाधीन मकान से रहवासी परेशान,नाली जाम,मच्छरों का प्रकोप

# न निगम सुनने को तैयार न सीएम हेल्प लाईन से हेल्प मिली

## डेढ वर्ष से जारी है मकान का काम, बेतरतीब काम से रहवासी हैरान परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में 15 दिन पूर्व शिकायत होने पर भी न तो कोई देखने वाला है और न ही कोई सुनवाई करने वाला। परेशान रहवासियों ने यह स्थिति देख सीएम हेल्प लाईन पर शिकायत की तो वहां से भी हेल्प मिलना मुश्किल बना हुआ है। निमार्णाधीन मकान की वजह से मंगलदीप कालोनी के रहवासी पिछले डेढ वर्ष से परेशान हो रहे हैं । नाली जाम है और मच्छरों का प्रकोप है।

मंगलदीप कालोनी वार्ड नं.54 में नारायणा स्कूल के पास प्लाट नंबर 6 पर मकान का निर्माण चलते हुए करीब डेढ वर्ष होने को आया है लेकिन मकान अब भी अधूरा है। इस निर्माण में बेतरतीब काम किया जा रहा है। मकान का मटेरियल यहां सार्वजनिक नाली में डाला जा रहा है। कुछ समय तो सार्वजनिक नाली से सिवरेज पानी की निकासी हो सकी लेकिन पिछले कुछ माह से नाली पुरी तरह से जाम हो चुकी है। इसे लेकर नागरिकों ने नगर निगम को 25 नवंबर को शिकायत की और कार्रवाई की मांग करते हुए सफाई किए जाने का आग्रह किया गया। इस पर कोई सुनवाई करने नहीं पहुंचा न ही किसी ने शिकायतकताओं से संपर्क किया।

सीएम हेल्पलाइन 181 जन हेतु-जन सेतु




### हेल्प लाईन से भी कोई हेल्प नहीं

क्षेत्रीय नागरिक संतोष जोशी बताते हैं कि पिछले डेढ साल में एक बार भी निमार्णाधीन मकान मालिक नहीं आया। यहां ठेकेदार आता है उसे कई बार शिकायत दर्ज करवाने पर वह आश्वासन देता है नाली जाम बरकरार है। नगर निगम में सुनवाई नहीं होने पर 30 नवंबर,3 दिसंबर,5 दिसंबर को सीएम हेल्प लाईन पर इस मामले की शिकायत उन्होंने एवं एक अन्य रहवासी श्री पंचोली ने करते हुए मदद की गुहार करते हुए निराकरण की मांग की थी। पिछले 6 दिनों में भी इस मामले में किसी जिम्मेदार अधिकारी ने संपर्क तक करना वाजिब नहीं समझा है।

### उज्जैन में 12 दिसंबर से स्काई डाइविंग की शुरूआत :2 महीने चलेगा इवेंट

# 10 हजार फीट की ऊंचाई से लगाएंगे छलांग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश की महाकाल नगरी उज्जैन में स्काई डाइविंग का पांचवां संस्करण 12 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो अगले 2 महीने यानी 15 फरवरी-26 तक चलेगा। दताना एयरस्ट्रिप उज्जैन में ये इवेंट होगा। उज्जैन में दो माह की अवधि के लिए टूरिस्ट 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी को नए और रोमांचकारी दृष्टिकोण से देख सकेंगे।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया, स्काई डाइविंग फेस्टिवल के चार सफल संस्करणों और एडवेंचर गतिविधियों के प्रति पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष पांचवें संस्करण का आयोजन (लगभग दो माह के लिए) किया जा रहा है। विगत चार संस्करण में 700 से अधिक पर्यटकों ने इस रोमांचक गतिविधि का आनंद लिया है। दताना एयरस्ट्रिप पर एडवेंचर प्रेमी आसमान में उड़ने के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।

### इतना खर्च होगा

स्काई डाइविंग का शुल्क तीस हजार रुपए प्लस जीएसटी रहेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक समय है। प्रतिभागी बुकिंग www.skyhighindia.com पर कर सकते हैं।

### प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स की देखरेख में होगा इवेंट

अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया, संस्था द्वारा स्काई डाइविंग गतिविधि संचालित की जाएगी। इसके लिए विशेष एयरक्राफ्ट का उपयोग होगा। जिसकी कुल क्षमता 6 सदस्यों की है। एक समय में 2 प्रतिभागी, 2 प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स के सहयोग से स्काई डाइविंग कर सकेंगे। भविष्य में स्काई डाइविंग के साथ अन्य एयर-बेस्ड गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी।

### आधुनिक और बेहद सुरक्षित होगी राइड

स्काई डाइविंग का संचालन डीजीसीए एवं यूएसपीए द्वारा प्रमाणित संस्था स्काई-हाई इंडिया कर रही है। स्काई डाइविंग में उपयोग किए जाने वाले एयरक्राफ्ट का पंजीकरण नागरिक विमानन निदेशालय से सुनिश्चित है। संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित स्काई डाइवर एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ गतिविधि संचालित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को सुरक्षित और यादगार अनुभव प्राप्त हो सके।

### अन्य एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड प्रदेश में विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। पर्यटक और एडवेंचर लवर्स जटाशंकर रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज (9 से 19 जनवरी 2026), फोरसिथ ट्रेल रन (8 फरवरी 2026), फोरसिथ ट्रेक (24 से 26 जनवरी 2026), बर्ड वॉक (वन विहार भोपाल, बिसन खेड़ी, दौलत बड़ौदा इंदौर, पोआमा नर्सरी छिंदवाड़ा), पेंच ट्रैकिंग ट्रेल सहित कई रोमांचकारी गतिविधियों का अनुभव भी ले सकते हैं।

## संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू आयोजित

**उज्जैन।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा ,2022 में लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों (जिन विषयों के साक्षात्कार शेष है) एवं सहायक प्राध्यापक परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में चयनित उम्मीदवारो के लिए कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन में निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आयोजित किए जा रहे है। निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 31 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे,गांधी नगर, उज्जैन में स्थित शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन संभाग में जमा कर सकते है।

## मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट की बैठक 9 को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के ट्रस्टियों की बैठक 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे ट्रस्ट कार्यालय शेष नारायण मंदिर, ढाबा रोड़ पर होगी। ट्रस्ट सचिवऔर उपाध्यक्ष सं ने बताया अध्यक्ष की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में ट्रस्ट की गतिविधियों के साथ ही समाज हित में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा होगी।

# अफसर ही कर रहे सड़कों के निर्माण कार्य को प्रभावित....

### योजना के टेंडर को दबाकर रख लेते है अपने पास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में भले ही सरकार का फोकस सड़कों का जाल बिछाने पर है। लेकिन सरकार की मंशा पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही पानी फेर रहे हैं। खासकर सड़क निर्माण के कार्यों का प्रभावित किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण की किसी योजना का टेंडर होता है तो अधिकारी उसे अपने पास दबाकर रख लेते हैं। इसका असर यह होता है कि सड़क निर्माण की योजना में या तो देरी हो जाती है या अधर में लटक जाती है।

जानकारों का कहना है कि अपने आपको वजनदार मानने वाले ये अधिकारी मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों को भी महत्व नहीं दे रहे हैं।जानकारों की मानें तो लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने की वजह से मुख्य अभियंता के पद रिक्त है। ऐसे में राज्य शासन ने इन पदों पर अधीक्षण यंत्रियों को बतौर प्रभारी पदस्थ किया है। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अधिकारी अपनी ऊपरी पहुंच के चलते अपने हिसाब से अपनी पोस्टिंग कराते रहते हैं। कई बार इनमें से कुछ अधिकारियों से जुड़े मामले सामने भी आए है, लेकिन न तो उन पर विभाग द्वारा कोई किसी भी तरह का संज्ञान लिया जाता है। बताया गया है कि पिछले दिनों विभागीय मंत्री राकेश सिंह ने टेंडर कमेटी की बैठक ली, जिसमें यह बात सामने आई कि मुख्य अभियंताओं ने ऑनलाइन बिड निर्धारित समय पर खुलने के बाद भी स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजने में बेवजह विलंब किया। इस पर मंत्री राकेश सिंह ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजकर कारण पूछने के निर्देश दिए।

# नामांकन का डाटा देरी से आने के कारण एक माह देरी से होगी स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का नामांकन का डाटा देरी से प्राप्त होने के कारण करीब एक महीने देरी से परीक्षाएं होंगी।

विश्वविद्यालय में इस बार तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है, जबकि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया ही चल रही है। विवि की ओर से परीक्षा कार्यक्रम भी फिलहाल जारी नहीं किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके द्विवेदी ने बताया स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तारीखें निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही समय सारणी घोषित की जाएगी।

**8 हजार विद्यार्थी प्रभावितः** इस वर्ष से ही स्नातकोत्तर स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कुछ बदलाव हुए हैं। इस कारण नामांकित विद्यार्थियों का अलग- अलग डाटा तैयार किया है। इसके अलावा सितंबर तक चली प्रवेश प्रक्रिया के कारण भी यह प्रक्रिया लंबी चली। एनरोलमेंट डाटा आने के बाद ही कॉलेजों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लगभग 8 हजार विद्यार्थियों की परीक्षा प्रक्रिया शुरू की गई।

## दिव्यांगता जागरूकता पर केंद्रित प्रदर्शनी स्पेक्ट्रा- 2025 का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



म.प्र. विकलांग सहायता समिति द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी स्पेक्ट्रा 2025 का समापन हुआ। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए 26 शिक्षण संस्थाओं से 1800 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित हुए। समिति संचालक फादर जीजो जॉर्ज ने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण बेस्ट आउट आफ वेस्ट थीम के अंतर्गत निर्मित सामग्री, सेंसरी पार्क, डार्क रूम एवं सेंसरी केव (गुफा) थी।विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया एवं जागरूकता भी प्राप्त की। प्रदर्शनी को देखने के लिए सेंस इंटरनेशनल इंडिया अहमदाबाद के सदस्य एवं एस.पी. जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई के इंटर्न भी उपस्थित थे।

### दिसंबर में ग्रहों का महागोचर होने वाला है। इसमें सबसे पहले ग्रहों के राजा बुध गोचर करने वाले है। खास बात ये है कि यह गोचर मंगल की राशि में होने वाला है।

# आज से 3 राशियों की चमक उठेगी किस्मत, बुध करेंगे मंगल की राशि में प्रवेश



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिष में ग्रहों, नक्षत्रों और कुंडली का बड़ा महत्व होता है। हर एक ग्रह एक निश्चित समय अंतराल के बाद चाल बदलते है, इस दौरान योग संयोग भी बनते है, जिसका प्रभाव 12 राशियों पर सकारात्मक व नकारात्मक रूप से देखने को मिलता है।इसी क्रम में शनिवार को ग्रहों के राजकुमार बुध चाल बदलने वाले है। संचार, बुद्धि, तर्कशास्त्र, गणित और व्यापार के कारक बुध 6 दिसंबर को तुला से मंगल की राशि वृश्चिक में गोचर करेंगे और 29 दिसंबर तक यहीं रहेंगे। इसके बाद धनु में प्रवेश करेंगे। बुध के वृश्चिक में जाने से 3 राशियों की किस्मक चमक सकती है। आय में वृद्धि और करियर में तरक्की भी हो सकती है।आईए जानते हैं ये राशियां कौन कौन सी हैंङ्घ

### बुध गोचर चमकाएगा 3 राशियों का भाग्य

**वृश्चिक राशि पर प्रभावः** व्यापार के दाता बुध का गोचर जातकों के लिए लकी साबित हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। समाज में मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। नौकरीपेशा को प्रमोशन और व्यापारियों के लिए धनलाभ के प्रबल योग बनेंगे।शादीशुदा का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। पार्टनरशिप में किए गए व्यापार से लाभ मिल सकता है।करियर के लिए भी यह समय शुभ रहेगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ राशि पर प्रभावः** दिसंबर में बुध का गोचर जातकों के लिए लकी साबित हो सकता है। काम- कारोबार में विशेष तरक्की मिल सकती है। समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बेरोजगार को नौकरी मिल सकती है। नौकरीपेशा को पदोन्नति के साथ नए अवसर मिल सकती है। भाग्य का साथ मिलेगा। सफलता के नए द्वार खुलेंगे।

**मकर राशि पर प्रभावः** दिसंबर में बुध का मंगल की राशि में गोचर जातकों के लिए लकी साबित हो सकता है। इनकम में वृद्धि हो सकती है, नए नए माध्यम मिल सकते है। शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में लाभ हो सकता है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है। करियर में नई संभावना तलाश सकते है। इस अवधि में यात्रा पर जा सकते है।इस दिन गुरु-बुध एक-दूसरे से 120 डिग्री पर होंगे, जिससे नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा।इससे पार्टनरशिप में किए जा रहे बिजनेस में खूब लाभ मिल सकता है। अविवाहितों के लिए विवाह के योग बनेंगे ।संतान की ओर से भी अच्छी खबर मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों को सफलता मिल सकती है।

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और संतो ने कहा- रामघाट पर शिप्रा का जल आचमन योग्य नहीं

# सिंहस्थ और शिप्रा शुद्धिकरण पर ध्यान दे प्रशासन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, दत्त अखाड़ा के गादीपति पीर श्रीमहंत सुंदर पुरी महाराज सहित अन्य संतों ने शिप्रा के हरिहर घाट से लेकर छोटी रपट तक दौरा कर जल का आचमन किया।

संतो ने शासन प्रशासन मांग की कि जिस प्रकार से सिंहस्थ 2028 के बड़े निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है, उसी प्रकार सिंहस्थ 2028 का मुख्य आकर्षण शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी ध्यान दे। संतों ने कहा कि रामघाट पर जो शिप्रा नदी का जल है वह आचमन योग्य नहीं है, ऐसे में अभी से गंभीरता से ध्यान देना होगा।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि सिंहस्थ 2016 से पूर्व रामघाट के कुछ भाग में गाद निकालने का कार्य किया गया था, उसी प्रकार जहां से घाट निर्माण कार्य चालू हो रहा है, वहां से लेकर रामघाट के पूरे क्षेत्र में बड़ी-बड़ी मशीन उतार कर गाद निकलने का कार्य किया जाए इससे नदी का जो जल स्त्रोत रुका हुआ है, वह पुनः प्रारंभ हो सके।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखाड़ा परिषद कार्यालय प्रयागराज में एक पत्र देकर मांग की गई थी की शिप्रा शुद्धिकरण और गहरीकरण पर ध्यान दें।

## सीईओ जिला पंचायत ने खाचरौद में किया निरीक्षण



**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा शुक्रवार को खाचरौद के बेरछा क्लस्टर में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर के दौरान उन्हेल में निर्माणरत महाविद्यालय के भवन, घिनौदा में जैविक कृषि फार्म, बुरानाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आंगनवाडी केंद्र उमरना में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने आंगनवाडी केंद्र के बच्चों से बातचीत की और केंद्र में मिलने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हेल में निमार्णाधीत महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत खाचरौद श्री गिरिराज शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका



## महाकाल मंदिर में अति प्राचीन विष्णु मंदिर ध्वस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकाल मंदिर में आज प्रशासन ने मन्दिर प्रांगण में स्थित प्राचीन विष्णु मन्दिर को हटा दिया। यह मन्दिर जीर्ण-शीर्ण हो चुका था। महाकाल मंदिर परिसर में शंख द्वार के समीप विष्णु मन्दिर है। जिसमें अति प्राचीन विष्णु भगवान की मूर्ति विराजित है। यह मन्दिर काफी पुराना हो चुका था। इसके चलते मन्दिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ चुका था। कोई दुघर्टना नहीं हो इसको देखते हुए आज मन्दिर प्रशासन ने मन्दिर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। इससे पहले विधि विधान से मन्दिर में विराजित मूर्ति को संग्रहालय में रखवाया गया।



प्रतिमा को फिर से मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा

### पोस्टर पर लिखा था- मंदिर जीर्ण-शीर्ण कृपया दूर रहे

महाकाल मंदिर प्रशासन ने आज मन्दिर परिसर में स्थित प्राचीन विष्णु मन्दिर को हटा दिया। यह मन्दिर जीर्ण-शीर्ण हो चुका था। जिसके चलते इसके आसपास वर्षो से बैरिकेट्स लगाए गए थे, ताकि इसके आसपास से कोई व्यक्ति ना गुजरे। साथ ही मंदिर के सामने पोस्टर पर लगाया गया था कि मंदिर जीर्ण-शीर्ण इसीलिये दूरी बनाए रखें।

### काफी पुराना हो चुका था मंदिर

महाकाल मंदिर परिसर में शंख द्वार के समीप स्थित इस अति प्राचीन मंदिर में विष्णु भगवान की मूर्ति विराजित है। यह मन्दिर काफी पुराना हो चुका था। जिसके चलते मन्दिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ चुका था। कोई दुघर्टना नही हो इसको देखते हुए मन्दिर प्रशासन ने मन्दिर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की है। इसके पहले विधि विधान से मन्दिर में विराजित मूर्ति को संग्रहालय में रखवाया गया। मन्दिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि प्राचीन विष्णु मन्दिर का पुर्न निर्माण कराया जा रहा है।

## 7 दिन डिस्पोजल नहीं अपनाने की समझाइश, नहीं माने तो कार्रवाई

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 7 दिन नो-डिस्पोजल अभियान शुक्रवार से शुरू कर दी है। निगम की आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) टीम सभी वार्डों में जाकर चाय दुकानों, गुमटियों और होटल संचालकों को डिस्पोजल के स्थान पर कांच, स्टील और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। व्यापारियों से बात करने के साथ ही टीम द्वारा महापौर और निगम परिषद के निवेदन पत्र भी देते उन्हें डिस्पोजल से वाले नुकसान बताए जाएंगे। स्मार्ट सिटी द्वारा आईईसी गतिविधियों के लिए 8 करोड़ का टेंडर किया है। शहर में जागरूकता गतिविधि करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजमिस्त्री एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण सम्पन्न

**उज्जैन।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के कार्य समय सीमा में संपन्न करने की श्रृंखला में स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन द्वारा 5 नवम्बर से चल रहे 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण सत्र का गुरुवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र में महिदपुर जनपद के 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) श्री अजय भालसे मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों को नई तकनीक से भवन निर्माण के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा सम्पीड़ित स्थिर मिट्टी के ब्लॉक (सी एस ई बी) बनाने की तकनीक तथा उन्हें बनाने का प्रायोगिक ज्ञान भी कराया गया ।

### ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए की गई गहन समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभाग आयुक्त आशीष सिंह के साथ कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने हरी फटक ब्रिज पर बनने वाली रोटरी, 6 लेन ब्रिज,अंडरपास, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं की संबंध में आज पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ,उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ श्री संदीप सोनी आदि उपस्थित रहे। बैठक में सिहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ब्रिज के पास बनने वाली पार्किंग , उसकी दूसरी भुजा के पास बनने वाले अंडरपास , हरी फाटक रोटरी और सिक्स लेन ओवर ब्रिज के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि इसके लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था का अवलोकन किया जाए। साथ ही ओरिजिन से डेस्टिनेशन (ओडी) के अनुसार समीक्षा कर 7 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## 25 दिसंबर से बंद हो जाएगी महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग



### अनुमति दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर मिल सकेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल के दरबार में बीते साल को अलविदा और आने वाले साल का वेलकम करने देशभर से श्रद्धालु आएंगे। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि इन दिनों करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालु महाकाल की नगरी में पहुंचेंगे। सभी को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इसी बीच बड़ा अपडटे ये है कि भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से बंद रहेगी। इस दौरान ऑफलाइन व्यवस्था के तहत एंट्री मिलेगी। इसके लिए अब एक दिन पहले आकर फॉर्म भरने होंगे। अनुमति दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर ही मिल सकेगी। कोई भक्त निराश न लौटे, इसके लिए भस्म आरती में चलायमान दर्शन की व्यवस्था की जाएगी।

### श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन का नया प्लान तैयार किया जा रहा

सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि महाकाल मंदिर में नए साल को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अनुमान है कि 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक करीब 10 लाख भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन का नया प्लान तैयार किया जा रहा है। इसकी शुरूआत भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को ब्लॉक करने के साथ हो गई है। भस्म आरती दर्शन व्यवस्था प्रभारी व सहायक प्रशासक फलवाड़िया ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### चारधाम से लगेगी कतार

पिछले कुछ साल से नए साल में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन चारधाम मंदिर के सामने से कतार लगाने का कार्य करता आ रहा है। संभवतः इस बार भी नए साल में वही दर्शन व्यवस्था लागू रहेगी। दर्शनार्थियों को कर्कराज पार्किंग से शक्तिपथ के रास्ते श्रीमहाकाल महालोक होते हुए मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु गणेश व कार्तिकेय मंडप से दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं को दी जाने वाली अनुमति व्यवस्था भी स्थगित रहेगी।

### दर्शनार्थी कार्तिकेय मंडपम से निःशुल्क व चलायमान दर्शन कर सकेंगे

बता दें कि नए साल पर भस्म आरती में दर्शनों के लिए काफी दबाव रहता है। सभी को अनुमति देना संभव नहीं है, इस कारण यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि मंदिर परिसर में भस्म आरती बुकिंग काउंटर से सामान्य श्रद्धालुओं को दी जाने वाली अनुमति व्यवस्था भी स्थगित रहेगी। हालांकि सभी दर्शनार्थियों के लिए बिना किसी परेशानी के कार्तिकेय मंडपम से यह सुविधा पूर्वतः निःशुल्क व चलायमान दर्शन की सुविधा चालू रहेगी।

### सभी को अनुमति प्रदान करना संभव नहीं

भस्म आरती दर्शन व्यवस्था प्रभारी व सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया नए साल में भस्म आरती दर्शन को लेकर काफी दबाव रहता है। हर भक्त की अभिलाषा रहती है कि वह भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन करे, लेकिन मंदिर में स्थान समिति होने के कारण सभी को अनुमति प्रदान करना संभव नहीं है। इसलिए 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक अत्यधिक भीड़ वाले दिनों के लिए भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। मंदिर के भस्म आरती बुकिंग काउंटर से सामान्य श्रद्धालुओं को दी जाने वाली अनुमति व्यवस्था भी स्थगित रहेगी। उक्त सभी दर्शनार्थी बिना किसी परेशानी के कार्तिकेय मंडपम से सुविधा पूर्वक निशुल्क चलायमान दर्शन कर सकेंगे।

## वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत उज्जैन के पांच ग्रामों का अनुमोदन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीईओ जिला पंचायत श्रेयान्स कूमट ने बताया कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले की जनपद पंचायत बड़नगर के ग्राम मकड़ावन, घट्टिया जनपद पंचायत के ग्राम नजरपुर, खाचरौद जनपद पंचायत के चापाखेड़ा, मकला और उज्जैन जनपद के ग्राम तालोद का अनुमोदन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की अधिकांश आबादी ग्रामों में निवास करती है। प्रदेश के समग्र विकास के लिए ग्रामों का योजनाबद्ध विकास आवश्यक है। राज्य शासन के विभिन्न विभाग सामाजिक न्याय, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, ग्रामीण अधोसंरचना निर्माण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू संचार व्यवस्था संबंधी विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाए ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हों।

इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। राज्य शासन ने ऐसे चयनित ग्रामों को, मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम का नाम देने एवं इन ग्रामों से संबंधित इस योजना को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के रूप में क्रियान्वित करने का निर्णय लिया है। यह योजना एक ऐसे ग्राम की परिकल्पना करती है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

## किराए के भवनों में संचालित आंगनवाडी भवनों के लिए नवीन किराया दर निर्धारित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री राजेश मेहरा ने जानकारी दी कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किराए के भवनों में संचालित आंगनवाडी केन्द्रों के लिए नवीन किराया दर निर्धारित की गई है।

नवीन मापदंड अनुसार नवीन आंगनवाडी भवन किराए पर लिए जाने से बच्चों को पढ़ने, खेलने-कूदने और अन्य गतिविधियों हेतु आंगनवाडी केन्द्र में पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेंगा।संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन संभाग द्वारा बताया गया कि संभाग अंतर्गत कुल 3094 आंगनवाडी केन्द्र किराए के भवन में संचालित है। जिन्हे नवीन किराया दर अनुसार संचालित करने के लिए संभाग के सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों एवं परियोजना अधिकारियों, महिला एंव बाल विकास को निर्देशित किया गया है।

## निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में काल भैरव मंदिर तक सडक निर्माण वाया भैरवगढ चौराहा की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सिंहस्थ के अंतर्गत जो नए मार्ग बनाए जा रहे है, उसके लिए यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। तपोभूमि से हामुखेडी मार्ग की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि इसका भू अर्जन का कार्य हो चुका है। शेष कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का



विशेष ध्यान रखा जाए। सीसी रोड बनाए जाने के पश्चात उसकी तराई के कार्य अच्छे से किए जाए। सड़क निर्माण के पश्चात निर्धारित समयावधि के पश्चात ही उन पर आवागमन प्रारंभ किया जाए। इससे सडक में मजबूती बनी रहें।

मंगलनाथ से चककमेड तक सड़क निर्माण और नागझिरी से दताना तक मार्ग निर्माण को तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सदावल के पास हेलीपेड निर्माण के अंतर्गत एप्रोच रोड का निर्माण प्रगतिरत है। रणजीत हनुमान से मोजमखेडी तक पुलिया निर्माण का कार्य चल रहा है। उज्जैन-बड़नगर मार्ग निर्माण 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

पीआईयू के अंतर्गत निर्मित किए जाने वाले निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी दी गई कि माधव नगर अस्पताल उन्नयन कार्य के अंतर्गत प्लिंथ निर्माण हो चुका है। आयुर्वेदिक कॉलेज के दो छात्रावासों के डिजाईन अप्रूव होने के पश्चात कार्य प्रारंभ हो जाएगा। नवीन घाट निर्माण के अंतर्गत चककमेड में रीटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। कर्कराज मंदिर से भूखी माता कांक्रीटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

## 17 लाख के नकली नोट बरामद, दो गिरफ्तार

### 500 रुपए के नकली नोट छापने वाली मशीनें हुई जब्त, पांच दिन की रिमांड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को पुलिस ने नकली नोट छापने और चलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 17.5 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए गए। यह गिरोह मुख्य रूप से 500 रुपए के नकली नोट छापता था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि नकली नोटों के अवैध प्रचलन पर रोक लगाने के लिए उज्जैन पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 5 दिसंबर को चिमनगंज मंडी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति भारी मात्रा में नकली नोट लेकर उज्जैन शहर में डिलीवरी के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राजरॉयल कॉलोनी और पांड्याखेड़ी ब्रिज रेलवे पटरियों के पास घेराबंदी की।

इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे दो संदिग्धों को पकड़ गया।



पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान 26 साल के हिमांशु उर्फ चीनू और 22 साल के दीपेश चौहान बताया। तलाशी के दौरान, उनके पास से 500 रुपए के कुल 17 लाख 50 हजार रुपए के नकली नोटों की गड्डियां बरामद हुई।

इस गिरोह का एक और साथी राजेश बरबटे अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

### नकली नोट के बदले 11 लाख का सौदा

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंदौर में अरविन्द अस्पताल के सामने स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के एक फ्लैट में अपने साथी राजेश पिता टेकचंद बरबटे के साथ मिलकर नकली नोटों की छपाई करते थे। आरोपी 10 लाख के नकली नोट के बदले 11 लाख के असली नोट का सौदा करते थे। आरोपी हिमांशु पहले भी इंदौर में नकली नोट मामले में जेल जा चुका है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इंदौर स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के उक्त फ्लैट पर दबिश दी। जहां से नोट प्रिंटिंग मशीन हाई सिक्योरिटी प्रिंट पेपर प्रिंटिंग केमिकल सुरक्षा धागा, कटर मशीन व प्रिंटेड एवं अपूर्ण कच्ची नकली नोट शीट बरामद कर जब्त की। फरार आरोपी एवं नेटवर्क के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना चिमनगंज मंडी पर धारा 178, 179, 180 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

आपकी खबरें...

## निगम आयुक्त के निर्देश पर सिटी बस डिपो चौराहे पर किया पेंचवर्क कार्य



**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा विगत दिवस सिटी बस डिपो चौराहा का निरीक्षण किया गया था जिसमें अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि चौराहा पर से अवैध अतिक्रमण हटाते हुए रोड का पेंच वर्क कार्य एवं मरम्मत किया जाए जिसके क्रम में संबंधित जोन के अधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में रोड का पेंच वर्क कार्य करवाते हुए डामर कार्य किया गया है उक्त कार्य का निरीक्षण शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा किया गया।

## गंदगी करते पाए जाने पर निगम ने वसूला जुर्माना



**उज्जैन।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार समस्त जोन अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 25 हजार से अधिक का जुमार्ना वसूला जिसमें गंदगी करते पाए जाने पर 17 हजार, खुले में भट्टी जलाने पर 2000, थूकने पर 500 रुपए, भवन निर्माण सामग्री सड़क पर फैलाने पर 500, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 4000 का जुमार्ना वसूला गया उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।

## हॉकी प्रतियोगिता के लिए समिति गठित

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय कप्तान रूपसिंह स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के स्वीकृत बजट अंतर्गत किया जाना है आयोजन हेतु महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को पार्षदों की समिति गठित की गई है। उपरोक्त समिति में संयोजक शिवेंद्र तिवारी, सहसंयोजक रवि राय, सदस्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, अनिल गुप्ता, छोटेलाल मंडलोई, अर्पित दुबे, रहेंगे। उपरोक्त समिति नगर निगम के विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में अखिल भारतीय कप्तान रूपसिंह स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता हेतु उल्लेखित बजट प्रावधान की सीमा में आयोजन की रूपरेखा तैयार करेगी।

बारिश में कलश यात्रा के दौरान रोड पर

# रंगोली बनाना दिखाकर किया 53,900 रु. का भुगतान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय कालिदास समारोह में शहरवासियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से कलश यात्रा निकाली थी। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर रंगोली बनाने के लिए 53 हजार 900 रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि कलश यात्रा शुरू होते ही बारिश शुरू हो गई थी। बरसते पानी के बीच ही कलश यात्रा निकाली गई थी।

इस वर्ष 67वां अभा कालिदास समारोह 1 से 7 नवंबर तक अकादमी परिसर में हुआ था। 31 अक्टूबर की सुबह मंगल घट स्थापना के उपलक्ष्य में रामघाट से कलश यात्रा निकाली थी, जो अकादमी पहुंची थी। कलश यात्रा में अलग-अलग क्षेत्रों से कलाकारों को भी आमंत्रित किया था।

साथ ही पूरे कलश यात्रा मार्ग में रंगोली बनाने के लिए भी कलाकारों को आमंत्रित किया था। यात्रा से पहले कलाकारों ने रामघाट के समीप एक रंगोली जरूर बनाई लेकिन जैसे ही रामघाट से कलश यात्रा शुरू हुई, वैसे ही बारिश शुरू हो गई थी। सभी कलाकार एवं यात्रा में शामिल गणमान्य नागरिक भीग गए थे।



कलश यात्रा के टावर आने तक बारिश होती रही थी। ऐसे में पूरे मार्ग में कितनी जगह रंगोली बन पाई होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकर हैरानी होगी कि यात्रा में रंगोली बनाने के लिए संस्कार भारती को 53 हजार 900 रुपए का भुगतान किया गया। 13 नवंबर की तारीख में चेक भी संस्था को दिया गया।

### अकादमी में भी एक दिन बाद बनाई थी रंगोली

कलश यात्रा शुरू होने से पहले रामघाट पर रंगोली बनाई गई थी। पूरे मार्ग में रंगोली बनाने के अलावा अकादमी परिसर में भी रंगोली बनाई जाना थी लेकिन बारिश की वजह से उस दिन अकादमी परिसर में भी रंगोली नहीं बनाई जा सकी। एक दिन बाद यानी 1 नवंबर को अकादमी परिसर में रंगोली बनाई गई थी।

यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि मप्र शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में कालिदास अकादमी और सम्राट विक्रमादित्य विवि द्वारा अखिल भारतीय कालिदास अकादमी का आयोजन किया जाता है। विवि के ललित कला विभाग में कई विद्यार्थी हैं, जो आकर्षक रंगोली बनाते हैं। यदि आयोजन संस्था के इस विभाग से ही विद्यार्थियों को आमंत्रित कर लिया जाता तो हजारों का खर्च बचाया जा सकता था।

### कालिदास समारोह में नहीं जुट पाई थी भीड़

इस वर्ष हुए 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के लिए 3 करोड़ रुपए का बड़ा बजट स्वीकृत किया गया था। भीड़ जुटाने के लिए तमाम दावे किए गए लेकिन समारोह के शुभारंभ और समापन समारोह में भीड़ नहीं जुट पाई थी और कुर्सियां खाली रह गई थी।

### केवल रंगों को खरीदने के लिए भुगतान किया

कलश यात्रा में रंगोली बनाने के लिए कोई मानदेय नहीं दिया जाता, केवल रंगों को खरीदने के लिए भुगतान किया जाता है। इस बार 50 हजार रुपए के आसपास का भुगतान किया गया है। यह सही है कि इस वर्ष कलश यात्रा के दौरान बारिश हो रही थी। यात्रा में जितनी जगह भी रंगोली बन सकी, वह कलाकारों ने बनाई।

**डॉ. गोविंद गंधे, निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी**

## 13 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासन निर्देशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों में किया जाएगा। जिसमें करदाता अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं

आयुक्त नगर निगम द्वारा आम करदाताओं की सुविधा के लिये समस्त झोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत अन्तर्गत सम्पत्ति कर जमा कराए जाने के क्रम में विशेष व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। करदाता संपत्ति कर संबंधित झोन कार्यालय में एवं जलकर चामुंडा माता चौराहे पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय मे जमा करा सकेंगे

नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 01 लाख रुपये से अधिक बकाया है उसमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी

जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिसमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है जिसमें अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, ऐसे प्रकरण जिनमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी

### करदाताओं से अपील

महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, राजस्व विभाग प्रभारी रजत मेहता एवं जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी प्रकाश शर्मा ने शहर के सम्मानीय करदाताओं से अपील की है कि ऐसे करदाता जिन्होंने अभी तक अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा नहीं कराया है वे नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करते हुए अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर शहर विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें।

कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा

## पेटेंट अधिकार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पेटेंट अधिकार एक कानूनी अधिकार है जो किसी आविष्कार पर आविष्कारक को विशेष अधिकार देता है, ताकि वह उस आविष्कार को दूसरों को बनाने, उपयोग करने या बेचने से रोक सके।

यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, की विधि अध्ययनशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता विषय पर आयोजित विशिष्ट जागरूकता व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए कहीं।

विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. शरद सालुंके, इंडियन पेटेंट एटर्नी, इंडियन पेटेंट ऑफिस तथा एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों–पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन तथा इनके व्यावहारिक महत्व–पर विद्यार्थियों को विस्तृत एवं प्रभावी जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध, नवाचार तथा स्टार्ट-अप संस्कृति में क्ढफ की भूमिका और आवश्यकताओं पर भी छात्रों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया।

कुलगुरु प्रो.भारद्वाज ने संबोधन में क्ढफ जागरूकता को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि पेटेंट अधिकार एक सरकारी दस्तावेज है जो आविष्कारक को अपने आविष्कार के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है और आमतौर पर 20 वर्षों तक वैध रहता है। उन्होंने कहा कि यह कानूनी अधिकार दूसरों के शोषण से बचाता है और अपने नवोन्मेषी विचारों को सुरक्षित रखने में मदद करता है। पेटेंट किसी देश के शासकीय प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किया जाता है, जो उस आविष्कार के लिए नया, उपयोगी और औद्योगिक रूप से लागू होने की शर्त पर निर्भर करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. डी. डी. वेदिया ने की।व्याख्यान में विधि अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक कीर्ति पटेल, राजीव सिंह व अन्य संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अंत में, डॉ. डी. डी. वेदिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों की शोध-समझ, बौद्धिक क्षमता और विधिक दृष्टिकोण को नई दिशा प्रदान करते हैं।

## विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में किसान भाइयों के साथ साथ स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई ।

कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया । बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिक मात्रा में प्रयोग करने से भूमि की उर्वरक शक्ति पर विपरित प्रभाव पढ़ते है। किसानों को सलाह दी गई कि मिट्टी परीक्षण कराना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मिट्टी परीक्षण उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड रिपोर्ट की अनुशंसा के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन किए जाने , विशेषकर प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक जीवामृत , बीजामृत , पांचपत्ती अर्क और मल्चिंग के बारे में बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इनके प्रयोग करने से मिट्टी के स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण एवं रसायन मुक्त उत्पादन लिया जा सकता है । इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान संवाद प्रसंग आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गत दिनों विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय में दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान संवाद प्रसंग आयोजित किया गया। इस अवसर पर विक्रम विश्व विद्यालय के कुल गुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने शुभकामना संदेश में संस्थान के इस सामयिक नवाचार परिसंवाद आयोजन को अपराजित योद्धाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरु व्यवसाय प्रबंध संस्थान के नवाचार की सराहना की। उन्होंने सामुदायिक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से जोड़ते हुए संबंधित पहलुओं पर भी प्रकाश उल्लेखित किया।

वर्ष 2025 की थीम ह्लसामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग-सम्मिलित समाजों का निर्माण इस मूलभूत संदेश को रेखांकित करती है कि दिव्यांगजन की समावेशिता के बिना कोई भी समाज वास्तविक विकास हासिल नहीं कर सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरु व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि उज्जैन के आयोजन में विश्व विकलांग दिवस पर सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन प्रेरणा से उपाधि शाखा में कार्यरत समर्पित सहयोगी अपराजित योद्धा सुधीर चतुर्वेदी का शाल एवं श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर उनकी अथक अपराजित सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया।

## होमगार्ड का स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड रोहिताश पाठक ने बताया कि शनिवार 06 दिसंबर को मध्य प्रदेश होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस होमगार्ड लाइन में प्रातः 9:30 बजे से धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी शामिल रहेगें। कार्यक्रम में आर्म्स एवं सेरेमोनियल ड्रेस से सुसज्जित प्लाटून द्वारा परेड मार्च करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी जाएगी। साथ ही आपदा राहत बचाव ऑपरेशन के तहत डेमोन्स्ट्रेशन / मॉकड्रिल का प्रदर्शन भी किया जाएगा। होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला उज्जैन के समस्त थाना, चौकियों, गार्डों में पदस्थ होमगार्ड के जवान, आपदा मित्र, सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर्स व अन्य ड्यूटियों में पदस्थ सभी सैनिक हर्षोल्लास से भाग लेंगे।

ज्ञात हो कि 06 दिसम्बर 1947 में होमगार्ड विभाग की स्थापना की गई थी। तभी से यह विभाग अपनी निष्काम सेवाओं के लिए जाना जाता है।

## 6 से 12 दिसंबर तक मनाया जाएगा सीएम हेल्पलाइन 181 सप्ताह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीएम हेल्पलाइन (181) जैसी महत्वपूर्ण जनहित सेवा अंतर्गत नगरीय निकायों में लंबित शिकायतों का आवेदनकताओं कि संतुष्टता के साथ निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह मनाया जाना है जिसमें सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह के समय अवधि में योजनाबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा इसके लिए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा आज दिनांक 6 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक समस्त जोन कार्यालयों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक लेवल 1 एवं लेवल 2 अधिकारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहकर लंबित शिकायतो का निराकरण करेंगे।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रेडिंग पर प्राप्त समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में कराया जाना सुनिश्चित करें, सीएम हेल्पलाइन पर 50 एवं 100 दिवस तथा इससे अधिक समय से लंबित समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में करेंगे, भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं (जैसे पात्रता पर्ची, नामांतरण, सामाजिक न्याय संबंधित योजना, संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि) से संबंधित शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से किया जावे, भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों का विषय संज्ञान लेकर उन शिकायतों की जांच की जावे।

### स्थलों की जानकारी

दिनांक 6 दिसंबर शनिवार को जोन क्रमांक 01,
दिनांक 8 दिसंबर सोमवार को जोन क्रमांक 2,
दिनांक 9 दिसंबर मंगलवार जोन क्रमांक 3,
दिनांक 10 दिसंबर बुधवार जोन क्रमांक 4,
दिनांक 11 दिसंबर गुरुवार जोन क्रमांक 5
दिनांक 12 दिसंबर शुक्रवार जोन क्रमांक 6

## आजीविका स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद सावित्री दीदी के जीवन में नई शुरूआत हुई

**उज्जैन।** जिले के तराना विकास खंड के नांदेड गांव की सावित्री बाई के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। आजीविका स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनका पूरा जीवन ही बदल गया। उन्होंने अपने स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर ग्राम में एक छोटी सी किराने की दुकान खोली। समूह से जुड कर छोटी-छोटी बचत, छोटा निवेश किया। साथ ही समय समय पर आजीविका मिशन से विभिन्न विषयों पर प्राप्त प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। ग्राम नांदेड में पूर्व में किराना दुकान उपलब्ध नहीं थी।

## जिले में सर्वाधिक 07 स्वच्छता मित्रों के साथ वॉश आन व्हील्स अभियान का शुभारंभ किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शुक्रवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत खाचरौद के बेरछा क्लसटर की ग्राम पंचायत झांझाखेडी, बेरछा, बनवाडा, कलसी, निम्बोदियाकलां, निपान्या, रतन्याखेडी, रजला, टुटियाखेड़ी,अटलावदा में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का आयोजन किया गया।

दोपहर के पश्चात बेरछा सेक्टर की ग्राम पंचायत बेरछा के पंचायत भवन प्रांगण में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को आयोजित किए गए क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक शासन की विभिन्न योजनाओं के अनुश्रवण के लिए अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के भ्रमण उपरांत पंचायत भवन में बैठकर प्राप्त समस्याओं/शिकायतों को ग्राम पंचायत सचिव के पास उपलब्ध पंजी में दर्ज किया गया। इसके पश्चात पंजी में दर्ज समस्याओं का समाधान कलेक्टर श्री सिंह के साथ अन्य जिला अधिकारियों द्वारा दोपहर 02 बजे से त्वरित रुप से किया गया।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा माँ सरस्वति के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि बेरछा में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में कुल 265 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 53 ,पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 39 , पीएम आवास के अंतर्गत 11, आयुष्मान योजना के अंतर्गत 4, कल्याणी पेंशन के अंतर्गत 4 ,वृध्दा पेंशन के अंतर्गत 4, राहत राशि मुवाअजा के अंतर्गत 4 ,सम्बल पंजीयन के अंतर्गत 4 ,पात्रता पर्ची के अंतर्गत 3 ,नलजल के अंतर्गत 3 ,नामांतरण के अंतर्गत 3 ,बंटवारा के अंतर्गत 3 ,सम्बल अनुग्रह के अंतर्गत 8 ,खेत सड़क के अंतर्गत 2 ,दिव्यांग पेंशन के अंतर्गत 2 ,नवीन पाइप लाइन के अंतर्गत 3, बीपीएल के अंतर्गत 3 ,रास्ता विवाद के अंतर्गत 3 ,विधवा पेंशन के अंतर्गत 3 ,शौचालय के अंतर्गत 2 ,सुदूर सड़क के अंतर्गत 3 ,स्कूल की मांग के अंतर्गत 1 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में क्लस्टर की सभी 10 पंचायतों में कुल 6 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए की सम्बल अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई। साथ ही 13 हितग्राहियों को 600-600 रूपए प्रतिमाह की पेंशन स्वीकृत हुई।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री जितेन्द्र राठौर पिता श्री मोहनलाल जी राठौर निवासी उज्जैन के द्वारा श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर निवासी ग्राम नईखेडी, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्त्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 39/1 रकबा 00.4000 हेक्टेयर, लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पंचेड़ प.ह.नं. 13 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय किये जाने के सम्बंध में अनुबंध किया गया होकर बयाना पेटे आंशिक विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान किया गया है।

उक्त भूमि (1) श्री तोलाराम उर्फ तेजाराम पिता स्व.श्री सिद्ध उर्फ सिद्धू नट निवासी ग्राम बांगर तहसील व जिला देवास (म.प्र.) (2) श्री निर्भय सिंह पिता स्व.श्री सिद्ध नट निवासी ग्राम पंचेड तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं (3) श्रीमती रतन बाई पति स्व.श्री सिद्ध नट निवासी ग्राम हतूनिया जिला इंदौर (म.प्र.) से ई-पंजीकृत विक्रय विलेख ई-पंजीयन क्रमांक MP43202024A11395697 दिनांक 16.12.2024 जिसका मुद्रण दिनांक 16.12.2024 को उप पंजीयक कार्यालय घट्टिया में हुआ के माध्यम से वर्तमान स्वामी श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर को विक्रय की थी। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर के नाम पर बहेसियत भूमि स्वामी अंकित चली आ रही है।

उक्त सम्पत्ति को श्री चेतन सिंह तोमर पिता श्री मानसिंह जी तोमर, के द्वारा मेरे पक्षकार को विक्रय किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा अन्य किसी का हक हित या भार हो तो वह मय प्रमाण जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, नियत समय में आपत्ति प्राप्त न होने की दषा में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का पंजीयन अपने हित में सम्पादित करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सूचित हो। इति

दिनांक : 05.12.2025

**जम्बूकुमार जैन, एडवोकेट एवं नोटरी (भारत सरकार)**
**23, शंकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9669666697**

खास न्यूज

## बच्चों के साथ 14 साल बाद मिली लापता हुई युवती

**उज्जैन।** 13 जनवरी 2011 में कहारवाड़ी क्षेत्र से 19 साल की युवती लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महाकाल थाना पुलिस युवती की तलाश में थी, कई साल गुजर जाने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच 14 साल बाद शुक्रवार पता चला कि कहारवाड़ी से लापता हुई युवती से मिलती-जुलती 2 बच्चों की मां इंदिरानगर क्षेत्र में निवास कर रही है। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने लम्बे समय से गुम युवती का पता लगाने के लिये एएसआई बलराम जाट, चंद्रभानसिंह चौहान और महिला आरक्षक की टीम को इंदिरानगर रवाना किया। जहां से उक्त 2 बच्चों की मां को खोजकर पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि 2 बच्चों की मां वहीं युवती है, जो 2011 में लापता हुई थी। उसे दस्तयाब कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान उसने बताया कि माता-पिता शादी करना चाहते थे, इसलिये घर छोड़कर चली गई थी। उसने अपनी पंसद से शादी कर ली थी, उसके बाद पति के साथ राजस्थान के कोटा चली गई थी। सालों तक वहीं रही उसके बाद वापस बच्चों और पति के साथ उज्जैन लौट आई। पति मजदूरी करता है। एएसआई जाट के अनुसार महिला के बयान दर्ज उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। युवती के लापता होने पर वह बालिग थी, वहीं उसने मर्जी से शादी की और बच्चों के साथ रही है। परिवार ने भी किसी तरह की आपत्ति नहीं जताई है। जिसके चलते किसी प्रकार की कार्रवाई नही करते हुए लापता मामले का निराकरण किया गया है।

## टॉवर चौपाटी पर फल-बेल्ट की दुकान लगाने वालों में विवाद

**उज्जैन।** माधवनग थाना क्षेत्र में टॉवर चौपाटी पर फल-फ्रूट का ठेला लगाने वाले और बेल्ट-पर्स, चश्मे की दुकान लगाने वालों के बीच विवाद हो गया। बेल्ट की दुकान लगाने वाले ने अपने साथियों के साथ फल का ठेला लगाने वाले पर चाकू-कड़े से हमला किया। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। एसआई एम.एस. अलावा ने बताया कि फल का ठेला लगाने वाले अमन पिता संदीप परमार ने शिकायत में बताया कि उसे हर्ष उसके भाई गट्टू और नितेश ने ठेला लगाने के एवज में रंगदारी करते हुए रूपयों की मांग की, नहीं देने पर चाकू से हमला किया है। वहीं हर्ष ने शिकायत दर्ज कराई उसके साथ दुकान लगाने की बात पर अमन ने मारपीट की है। एसआई अलावा के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा ही है।

## कार रोक फोड़ा कांच, जान से मारने की दी धमकी

**उज्जैन।** ग्राम खजूरिया कुमावत का रहने वाला रामेश्वर पिता अमोलकचंद्र कुमावत कार से उज्जैन की ओर आ रहा था। ताजपुर वैष्णव गार्डन के सामने अचानक उसकी कार के सामने बदमाश कृष्णा माली आ गया और कार रोक गाली-गलौच करते हुए पाइप से कांच फोड़ दिया। बदमाश ने रामेश्वर को धमकी दी कि क्षेत्र में आया तो जान से मार देगा। पंवासा थाना पुलिस ने रामेश्वर की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई संतोष राव ने बताया कि बदमाश नशे में था, उसे किसी कार वाले ने कट मार दिया था, जिसके चलते उसने सामने आ रही कार को रोक कांच फोड़ा और धमकी दी है। बदमाश की तलाश की जा ही है। जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 349-6 | 239-4 |
| मेन बाजार | 366-5 | 577-9 |
| कल्याण नाइट | 480-2 | 890-7 |
| मिलन डे | 680-4 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 159-5 | 790-6 |
| मधुर डे | 368-7 | 160-7 |
| मधुर नाइट | 134-8 | 259-6 |
| शुभांक | 1 6 | 9 |

अब प्रति शुक्रवार होगी सिंहस्थ कार्यो की समीक्षा

# सुरक्षा-व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। 12 साल में लगने वाले महाकुंभ की तैयारी शासन-प्रशासन के साथ पुलिस विभाग ने शुरू कर दी। शुक्रवार को पुलिस कप्तान ने सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें कई निर्णय लिये गये। अब प्रति शुक्रवार को कार्यो की समीक्षा होगी।

पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल पर किया। बैठक के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को मजबूत करने की समीक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षा-व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने सिंहस्थ में विशाल पैमाने और संभावित भीड़ के दबाव को ध्यान में रखते हुए निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश जारी करते हुए कहा कि क्षिप्रा के घाटों मंदिर मार्गो के साथ मुख्य आयोजन स्थलों पर भीड़ प्रवाह का डेटा आधारित विश्लेषण किया जाये। संवेदनशील स्थानों पर क्यू सिस्टम, रूट डायवर्जन और हाई-डेंसिटी मोमेंट्स के लिये अग्रिम प्लान तैयार किया जाये।



भीड़ बढ़ने पर ग्रीन कॉरिडोर, वन-वे सिस्टम, वैकल्पिक मार्ग त्वरित रूप से लागू किया जा सके इसकी योजना तैयार की जाये। बैठक के दौरान यातायात पुलिस को रियल टाइम अपडेट सिस्टम सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किये। समीक्षा के दौरान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक, एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा के साथ सभी डीएसपी, सीएसपी के साथ जीआरपी अधिकारी भी शामिल रहे। पुलिस कप्तान ने कहा कि अब प्रति शुक्रवार सिंहस्थ से संबंधित समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की जायेगी। जिसमें सुरक्षा-व्यवस्था के कार्यो की समीक्षा के साथ तैयारियों की प्रगति पर रणनीति पर चर्चा कर अपडेट लिया जायेगा।

### मजबूत की जायेगी आपातकालीन प्रतिक्रिया

सिंहस्थ में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये आपातकालीन प्रक्रिया कंट्रोलरूम, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के बीच इंटीग्रेटेड रिस्पांस सिस्टम को मजबूत करने के निर्देश जारी किये गये। महत्वपूर्ण स्थानों पर क्यूआटी, फायर एंड रेस्कयू, एम्बुलेंस रिस्पॉन्स को समयबद्ध सक्रिय रखने, भीड़ का दबाव बढ़ने पर किसी तरह से लोगों को निकाला जा सके उसका प्लान भी तैयार करने के निर्देश दिये गये।

### तकनीकी निगरानी और सुरक्षा-व्यवस्था

सिंहस्थ महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तकनीकी निगरानी ड्रोन, सीसीटीवी, एआई आधारित निगरानी के साथ फेस रिकॉग्निशन तकनीक का अधिकतम उपयोग करने और सभी सेक्टर प्रभार्री को अपने क्षेत्र की डिजिटल मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार कर आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करते हुए पूर्व निर्धारित मार्ग, बफर जोन का प्लान तैयार करने की बात कहीं गई।

### उज्जैन पुलिस की प्रतिबद्धता

पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने कहा कि उज्जैन पुलिस पूरी सतर्कता, तत्परता और पेशेवर दृष्टिकोण के साथ सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में जुट गई है। नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा, सुचारू आवागमन और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना उज्जैन पुलिस का सर्वोच्च दायित्व है।

## गिरफ्त में शराब और गौ-तस्करी का फरार आरोपी



### पिकअप-कार छोड़कर भागे थे, साथियों की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बोलेरो पिकअप और स्वीफ्ट कार से गौ तस्करी के साथ अवैध शराब परिवहन के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसके साथियों का पता चला है, जल्द उनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

इंगोरिया थाना पुलिस ने 30 नवम्बर को सूचना मिलने पर पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 5861 और उसके आगे चल रही स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 झेड झेड 2566 का पीछा किया था। दोनों चालक खरसौद खुर्द टोल के आगे वाहन छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस को स्वीफ्ट कार से 30 लीटर शराब से भरी केन और पिकअप से 5 गौवंश के साथ 60 लीटर शराब से भरी 2 केन मिली थी। मामले में अवैध शराब परिवहन के साथ पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर चालकों की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि वाहन नम्बर के आधार पर पिकअप चालक रामचरण उर्फ सागर पिता मांगीलाल मोंगिया 41 साल निवासी ग्राम इंदिरा आवास मोहल्ला, घोंसला को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने अपने साथी के साथ गौ तस्करी और अवैध शराब परिवहन की बात स्वीकार कर ली। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार उसका दूसरे साथी स्वीफ्ट चालक का सुराग मिल चुका है, जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जायेगी। वहीं पता चला कि पूरे मामले में कुछ ओर लोग भी शामिल है, जो घोंसला के रास्ते गौवंश तस्करी का काम कर रहे है। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई दिनेश निनामा, कनीराम डिंडोर, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, सरदारसिंह खरते, धर्मेन्द्र मीणा और टीम का सहयोग रहा।

## हत्या के आरोपी ने निकाला जूलूस फिर मचाया उत्पात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हत्या का आरोपी जमानत पर रिहा होकर घर लौटा, रात में उसने दोस्तों के साथ जुलूस निकाला और उतपात मचाते हुए पटाखे जलाकर फेंके। एक युवक के घर पर पटाखे गिरे तो उसने विरोध किया। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसे 2 साथियों के साथ गिरफ्तार किया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि जानसापुरा में रहने वाले आदर्श पिता भगवानदास प्रजापत ने रात में थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि वह खाना खा रहा था, उसी दौरान पटाखों की आवाज सुनाई दी। उसके घर की छत पर जलते पटाखे गिरे। कुछ पटाखे दरवाजे तक आ गये थे। उसने बाहर आकर देखा तो क्षेत्र का रहने वाला सलमान जुलूस निकाल रहा था, उसके साथी उत्पता कर रहे थे। उसने जलते पटाखे फेंकने से मना किया तो सलमान ने अपने साथियों नारायण तिवारी, अदनान और अन्य के साथ मिलकर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आदर्श ने बताया कि सलमान जेल से जमानत पर रिहा होकर आया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर रात में ही जानसापुरा में दबिश दी गई और तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि सलमान ने 2 साल पहले कार्तिक मेले में झूला झुल रही युवती के साथ हुई छेड़छाड़ के विवाद में चाकू मारकर युवती के भाई की हत्या की थी। वह गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुरूवार को ही जमानत पर रिहाई मिली थी। उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश फिर से साथियों के साथ जेल भेजा गया है।

## संयुक्त संचालक को ब्लैकमेल करने वाले कथित पत्रकारों पूछताछ

**उज्जैन।** म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक को ब्लैकमेल करने वाले कथित पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनका रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। पत्रकारों के खिलाफ 2 दिन पहले माधवनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था।

थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि भरतपुरी स्थित मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक मानसिंह पिता मानजी मुनिया निवासी अखलधाम कालोनी ने पत्रकार संजय पिता बसंतीलाल कोठारी निवासी शिवांश वेली देवास रोड और धर्मेन्द्र पिता भूपेन्द्र शर्मा निवासी लक्ष्मी विहार आगर रोड के खिलाफ ब्लैकमेल करने और 38 हजार रूपये नहीं देने पर लोकायुक्त में शिकायत कर समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित करने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कराया था। शुक्रवार को दोनों पत्रकारों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि दोनों ने किसी ओर के साथ तो ब्लैकमेलिंग नहीं की है। उनकी पत्रकारिता का स्तर पर पता किया जा रहा है।

## शराब खापने आया था, घेराबंदी में पकडाया युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक्टिवा पर देशी शराब लेकर खपाने आया युवक पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया। उसके पास से बरामद शराब 23 हजार से अधिक की होना सामने आई है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि सर्कल भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 डीवी 9547 से एक युवक तारामंडल के पास सड़क किनारे खड़ा है, उसके पास अवैध शराब है जिसे खापने की फिराक में है। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव, एएसआई तवंरसिंह केवला, प्रधान आरक्षक मुकेश मुनिया और आरक्षक विश्वपाल के साथ घेराबंदी के लिये पहुंचे। एक्टिवा सवार युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पकड़ा गया। उसके पास से 2 झोले जप्त किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। एक्टिवा सहित उसे थाने लाया गया। उसके झोले से शराब के 335 क्वार्टर जप्त किये गये। पूछताछ में युवक का नाम अशोक पिता रमेश निवासी संत कबीर नगर सामने आया। उसके खिलाफ धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बताया जा रहा है कि शराब इंदौर के रास्ते उज्जैन लेकर आया था।

## बाइक पर सवार दिखा बैंक में चोरी का प्रयास करने वाला

### हेलमेट से छुपा रखा था मुंह, पुलिस ट्रेस कर रही रूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बैंक ऑफ बड़ौदा में बुधवार-गुरूवार रात चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश के अब फुटेज सामने आ रहे है। बैंक के आसपास वह पैदल दिखाई दिया था, लेकिन बाद में बाइक से भागता दिखा है। पुलिस उसका रूट ट्रेस कर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि मक्सीरोड बैंक ऑफ इंडिया में हुए चोरी के प्रयास के बाद बदमाश का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। बदमाश बाइक से जाता दिखाई दिया है। उसने हेलमेट लगा रखा था। उसके आने और जाने दोनों मार्गो पर लगे कैमरे देखे जा रहे है। उसकी बाइक का नम्बर दूरी की वजह से स्पष्ट नहीं हो पाया है, बावजूद उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में टीम लगी हुई है। वहीं जानकारी यह भी सामने आई है कि बदमाश ने मक्सीरोड पर कुछ ओर स्थानों पर भी चोरी का प्रयास किया था। लेकिन सफल नहीं हो पाया है। उसके गिरफ्त में आने पर कई मामलों का पता चल सकता है।

### ताला तोड़ उचकाई थी शटर

बैंक ऑफ इंडिया की मक्सीरोड ब्रांच में बदमाश ने रात 2 से 3 बजे के लगभग धावा बोला था, उसने ताला तोड़कर बैंक का शटर उचका दिया था, लेकिन अंदर चैनल गेट लगा होने पर घुस नहीं पाया था। सुबह घटनाक्रम सामने आने पर पुलिस पहुंची थी, उस दौरान सामने आया था कि रात में बैंक का सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था, यहीं नहीं बैंक के कैमरे भी बंद थे। जबकि कुछ माह पहले महानंदानगर स्थित बैंक में हुई चोरी के बाद पुलिस ने सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता करने के लिये निर्देश बैंक अधिकारियों को दिये थे।

## 32.41 लाख का गबन, रिमांड पर कियोस्क संचालक

**उज्जैन।** जनधन खाताधारकों के साथ 32.41 लाख से अधिक का गबन करने वाले कियोस्क संचालक को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जिसे पुलिस ने पूछताछ के लिये 8 दिसंबर तक रिमांड पर लिया है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि श्रीकृष्ण कालोनी में शगुन एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर का संचालक आनंद बागडिया द्वारा 62 खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी करते हुए 32.41 लाख का गबन किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में उससे ढाई लाख की राशि बरामद की जा चुकी है। सालभर से वह खाताधारकों का पैसा अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर रहा था। उसके द्वारा रूपये जमा करने आने वाले खाताधारकों से राशि प्राप्त की जाती थी और रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये जाते थे। लेकिन राशि बैंक में जमा नहीं की जाती थी। वहीं राशि निकालने वालों से बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगा लिया जाता था और सर्वर डाउन होने का झांसा दिया जाता था। संचालक आनंद बागडिया टेलिग्राम पर क्रिप्टो करेंसी की लिंक के माध्यम से मुनाफा कमाने के मायाजाल में फंसकर लाखों रूपयों गवां चुका था।

शिक्षक एप उपस्थिति

# अतिथि स्टाफ 93.26 प्रतिशत, नियमित मात्र 51 प्रतिशत

### नरवर संकुल 93 प्रतिशत पर सम्मानित, नूतन इंदिरा नगर,माकड़ौन, ढाबला हरदू, कचनारिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिक्षक एप पर अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति जिले में 93.26 फीसदी सामने आने लगी है। इसके विपरित नियमित शाला प्रभारी 51.10 एवं नियमित स्टाफ की उपस्थिति 51.43 प्रतिशत ही सामने आ रही है। जिले में नरवर संकुल से 93 प्रतिशत आनलाईन उपस्थिति सामने आने पर उसे सम्मानित किया गया है। जिले में 23 संकुलों में 50 प्रतिशत से भी कम आनलाईन उपस्थिति सामने आ रही है।

शिक्षक एप पर श्रेष्ठ उपस्थिति देने वाले हायर सेकेंडरी नरवर संकुल एवं कन्या हायर सेकेंडरी इंदिरानगर के संकुल प्राचार्य एवं स्टाफ को सम्मानित किया गया है। नरवर संकुल अंतर्गत पी एम श्री माध्यमिक विद्यालय नरवर को शत प्रतिशत स्टाफ से उपस्थिति लगाने पर एवं नूतन इंदिरानगर के हाई



स्कूल खिलचीपुर के श्रेष्ठ ऑनलाइन उपस्थिति होने से स्कूल पहुंच कर एडीपीसी शिक्षा गिरीश तिवारी ने सम्मानित किया है।

### 23 संकुल में 50% से कम

जिले में 23 संकुलों में शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करने के मामले में 50 प्रतिशत से भी कम आंकडा सामने आ रहा है। ऐसे में इन संकुलों से जवाब मांगे जाने की स्थिति बन सकती है। इनमें से भी निचले स्तर के 5 संकुलों में तो 30 प्रतिशत से भी कम उपस्थिति आनलाईन दर्ज की जा रही है। हाल यह हैं कि खरसौदखुर्द संकुल में तो मात्र 12 प्रतिशत ही उपस्थिति आनलाईन दर्ज की जा रही है। निचले स्तर के 5 संकुलों में 3 तो बडनगर तहसील के ही सामने आ रहे हैं। शेष 2 घट्टिया क्षेत्र के हैं।

टॉप दो को सम्मानित करने से शेष विद्यालयों को प्रेरणा मिलेगी और जिले में हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा ।

**महेंद्र खत्री प्रभारी जिला शिक्षाधिकारी,उज्जैन**

### ऐसी है शिक्षक एप पर जिले में उपस्थिति

| | |
|---|---|
| शाला प्रभारी | 51.10% |
| नियमित स्टाफ | 51.43% |
| अतिथि स्टाफ | 93.26% |

### 80 फीसदी से अधिक वाले टॉप फाइव संकुल

| | |
|---|---|
| नरवर | 93% |
| नूतन इंदिरा नगर | 90% |
| रविन्द्र माकड़ौन | 85% |
| ढाबला हरद | 83% |
| कचनारिया | 80% |

### निचले स्तर के 5 संकुल

| | |
|---|---|
| जहांगीरपुर | 27% |
| आक्या जागीर | 25% |
| लोहाना | 20% |
| अम्बोदिया | 19% |
| खरसौद खुर्द | 12% |


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01- संतोषबाई पति श्री फुलसिंह जी आयु 51 वर्ष जाति राजपूत व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम घटिटया तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. 02- श्यामुबाई पति श्री दिपसिंह जी आयु 43 वर्ष जाति राजपूत व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम घटिटया तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 254/1/2/299मीन2, 254/2/ शा.न 299/3मिन, 254/2/2 शा.न 299/3मिन, 254/2/3 शा.न 299/3 मिन 255, 261,262/1/1, 262/1/2, 262/2,287, 289, 290/1,290/2,296/3 शा.न.296/4, 297/4 शा.न 297/3, 284/4, 299/2/1, 304/592/1, 313/2, 318 रकबा क्रमशः 0. 1450, 0.1450, 0.2400, 0.3780, 0.2400, 0.8050, 0.6600, 0.3020, 0.4180, 0.4180, 0.7000, 0. 3660, 0.4180, 0.1680, 1.0970, 0210, 1.4430, 0.3810, 0.0150, 0.3660, 0.2610, कुल किता 21 कुल रकबा 8.9870 हैक्टर एंव सर्वे क्रमांक 333/2/1, 333/2/2 343/1,343/2,363/3/1,363/3/2, कुल किता 06 कुल रकबा 0.5880 हैक्टर स्थित ग्राम निपानिया खिच्ची तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा एंव भूमि सर्वे क्रमांक 1727 रकबा 1.0100 हैक्टर स्थित ग्राम कचनारिया तहसील नलखेडा तहसील आगर मालवा म.प्र. (इस कुल रकबा 10. 585 हैक्टर भूमि) से अनुबंध पत्र संपातिद कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है अनुबंध पत्र में वर्णित समय अवधि में विक्रय पत्र भी संपादित करवा लिया जावेगा। एवं समय अवधि में पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा।

यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कायार्लीयन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विकय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो-इति दिनांक-05-12-2025

**विष्णु राईया, सर्विस प्रोवाईडर ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. नं. -75664-70288**



## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पूर्व में मेरा नाम नीन्नु मालवीय था । मुझ शपथ गृहीता ने अपना नाम दिनांक 5/12/2025 से "नीन्नु मालवीय के स्थान पर राशि मालवीय" कर लिया है। इस प्रकार अब भविष्य में मुझे राशि मालवीय के नाम से जाना एवं पहचाना जावेगा।

**राशि मालवीय पिता अशोक मालवीय**
**निवासी 48/2, फाजलपुरा उज्जैन (मप्र)**




## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री दिनेश परमार पिता श्री अमरजी जाति बलाई निवासी ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से मूल भूमि स्वामी अजबनूर पटेल पिता याकूब पटेल जाति नायता निवासी ग्राम पत्थर मुंडला, इन्दौर के स्वामित्य, स्वत्त्व एवं अधिपत्य की अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय कृषि भूमि सर्वे नम्बर 113 रकबा 0.60 हैक्टर भूमि व सर्वे नम्बर 114 रकबा 0.15 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.75 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम तुलाहेड़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी प्रत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो. अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्रः सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 05-12-2025

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाइडर) तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**99265-32350**

# सियाराममय सब जग जानी



ईश्वर की पूजा कर्म से होनी चाहिए। जो भी आप कर रहे हैं, पूजा की तरह कीजिए। एक प्रश्न यह भी है कि ईश्वर की पूजा या आराधना करनी है, तो मंदिर कौन हो? यहां शास्त्रों ने साफ बताया है, पूरा संसार ही मंदिर है। संसार क्यों मंदिर है? यह भी सुनिए, धागों से यह वस्त्र बना है, धागे कारण हैं। इनको कारण कहते हैं, इनसे कार्य उत्पन्न होता है। वस्त्र में धागे हर जगह होते हैं, कारण व्यापक होता है। जहां-जहां तक कार्य का अस्तित्व है, कारण जरूर होगा। हमारे यहां दर्शन शास्त्र में पढ़ाया जाता है कि कारण किसको कहते हैं? जो कार्य के पहले रहे, वह कारण कहलाता है। चावल पहले होगा, तो ही भात बनेगा। कारण का लक्षण भी दर्शनशास्त्र में पढ़ाया जाता है। यह संसार किससे बना है, यह आपको पता होना चाहिए। संसार को उत्पन्न करने वाले, पालन करने वाले और संहार करने वाले, तीनों भगवान हैं। कुछ वर्ष पहले अफगानिस्तान में आतंकी तालिबान ने गौतम बुद्ध की प्रतिमा को निशाना बनाया, वह विशाल प्रतिमा विस्फोट से उड़ा दी गई। लोगों ने कहा कि इतनी अच्छी प्रतिमा थी और नष्ट कर दी गई, यह कितना बड़ा अत्याचार हुआ, तब भी मैंने कहा था कि सनातन धर्म का ईश्वर केवल मूर्ति में नहीं रहता। आप मूर्ति तोड़कर सोच रहे हैं कि सनातन धर्म नष्ट हो गया, वह तो आकाश में भी रहता है। वह कण-कण में रहता है, आप कितने भी बम मारोगे, बम समाप्त हो जाएंगे, आप भी समाप्त हो जाओगे, पर आकाश नष्ट नहीं होगा।

ईश्वर संसार को बनाते हैं, यह तो आपको बार-बार पढ़ाया जाता है। आज से आप याद कर लीजिए, ईश्वर ही संसार बन जाते हैं। जैसे धागा ही कपड़ा बन गया, जैसे आटा ही रोटी बन गया, जैसे ईंट, पत्थर, सीमेंट मकान बन गए, वैसे ही ईश्वर ने केवल संसार बनाया ही नहीं, बल्कि वह स्वयं संसार बन गए। हर जगह ईश्वर हैं। जो-जो वस्तुएं बनी हैं, उनमें उनका कारण सब जगह है। भगवान पूरे संसार में हैं। कारण व्यापक होता है, इसलिए एक वाक्य पढ़ाया जाता है, सर्वं खल्विदं ब्रह्म- सब ब्रह्म ही है, उसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। तभी तो तुलसीदास जी ने कहा - सियाराममय सब जग जानी। करउं प्रणाम जोरि जुग पानी।। सियाराममय यह पूरा संसार है। ईश्वर हर जगह हैं। जिससे पूरे संसार की उत्पत्ति होती है, जल, वायु, अग्नि, आकाश इत्यादि सब ले लिया, जिसके द्वारा या जिस ईश्वर द्वारा संसार प्रकट होता है, उससे पूरा संसार व्याप्त है। ऐसे ही ईश्वर की आराधना अपने कर्मों द्वारा करनी चाहिए, तभी सिद्धि प्राप्त होती है। सिद्धि केवल एक जाति वालों को नहीं, सबको मिलेगी। शास्त्रों के अनुसार, अच्छे कर्म करना, उसके लिए समय निकालना, अच्छे कर्म के लिए संकल्प लेना भी पूजा है।

**सम्पादकीय**

## विमान सेवा से शिकायत

भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो की सेवाओं का इस तरह बाधित होना चिंताजनक और निंदनीय है। बुधवार को जहां 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई थीं, वहीं गुरुवार को 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गईं। इस वजह से देश के तमाम प्रमुख हवाई अड्डों पर जो अफरा-तफरी देखी जा रही है, वह शर्म और अफसोस की बात है। बताया जा रहा है कि इंडिगो एयरलाइन को नए कड़े क्रू रोस्टरिंग नियमों के साथ तालमेल बिठाने में मुश्किल हो रही है। पक्के तौर पर यह कहना मुश्किल है कि कब तक विमान सेवाएं सामान्य होंगी। इतनी उड़ानों का समायोजन और समय पर परिचालन आसान काम नहीं है। फिर भी इस विमानन कंपनी का प्रबंधन-परिचालन जिस तरह से बिगड़ा है, उससे भविष्य के लिए चिंता बहुत बढ़ गई है। क्या इस कंपनी को पहले से इसका कोई अनुमान या आशंका नहीं थी? क्या विमानन कंपनियां भविष्योन्मुखी सुनिश्चित विस्तार व सुधार योजनाओं के साथ नहीं चल रही हैं?

निश्चित रूप से इस विमानन कंपनी को नुकसान होगा, क्योंकि समय-बद्ध सेवा के मामले में इस कंपनी का प्रदर्शन जहां बुधवार को 35 प्रतिशत था, वहीं गुरुवार को घटकर 19.7 प्रतिशत रह गया। मतलब यह कि अभी यह कंपनी दस में से दो विमान का भी ठीक से परिचालन नहीं कर पा रही है। गंभीर स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से 33, हैदराबाद से 68, मुंबई से 85 और बेंगलुरु से 73 उड़ानें रद्द हुई हैं। एयरलाइन सुधार के उपाय तो कर ही रही है, लेकिन उसे यह भी कहना पड़ा है कि प्रभावित ग्राहकों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था या धन वापसी की पेशकश की जा रही है। युद्ध स्तर पर यह देखना होगा कि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। जिन यात्रियों को यात्रा के स्थगित होने से ज्यादा नुकसान होगा, क्या उन्हें भरपायी भी की जाएगी? चूंकि विमानन सेवा व किराये के ज्यादातर नियम विमानन कंपनियों के अनुरूप और यात्रियों के प्रतिकूल हैं, इसलिए भी यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जरूरी राहत पाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में विमानन कंपनियां अपने यात्रियों को निराश ही छोड़ देती हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में विमानन कंपनियों को यात्रियों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होना चाहिए। कंपनियों की कुछ तो जवाबदेही बननी चाहिए।

**[प्रसंगवश 06 दिसम्बर: डॉ. भीमराव अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस]**

## संविधान जिंदा है, पर क्या हम जिंदा हैं उसके आदर्शों में?

चैत्यभूमि पर कदम रखते ही एक अजीब-सी हलचल सी अंदर उठती है—जैसे यह धरती अपनी गूँज में कह रही हो, यहीं से जन्मी थी इंसान की गरिमा और न्याय की नई कहानी। समुद्र की हवा भी उस पल में सामान्य नहीं लगती; उसमें एक गंभीरता, एक सम्मान, एक अडिग सन्नाटा घुला होता है। और फिर अचानक आपके सामने खुलता है वह महासागर—नीली किताबों का, नीले झंडों का, उन चेहरों का जिनकी आँखों में आँसू नहीं, सदियों का संघर्ष बोलता है। जय भीम की गर्जना कोई नारा नहीं लगती; वह स्मरण है उस क्रांति का, जिसने टूटे हुए मनुष्य को फिर से मनुष्य बनाया। यह एक क्रांति का वार्षिक पुनर्जन्म है। यह उस दिन की स्मृति है जब 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली के 26 अलीपुर रोड पर डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की साँसें थमीं, पर उनके विचार भारतीय संविधान की नसों में अमर होकर दौड़ने लगे।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

उन्होंने मरकर भी मरना स्वीकार नहीं किया। वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे—जाति की जंजीरों से, छुआछूत की घृणा से, अंधविश्वास की काली सुरंगों से, और सबसे कठिन युद्ध—अज्ञान की दीवारों से। जिस समाज ने उन्हें पानी तक न छूने दिया, उसी समाज को उन्होंने दुनिया का सबसे आधुनिक और मानवतावादी संविधान सौंपकर सिर ऊँचा करने का अवसर दिया। जिस समाज ने मंदिर के दरवाजे बंद किए, उसी समाज को उन्होंने बुद्ध की शरण में ले जाकर गरिमा, तर्क और समानता का खुला आकाश दे दिया। 14 अक्टूबर 1956—नागपुर की दीक्षाभूमि पर जब उन्होंने 22 प्रतिज्ञाएँ लीं और लाखों लोगों को बौद्ध धर्म ग्रहण कराया, वह केवल धर्म परिवर्तन नहीं था—वह सदियों की दासता, अपमान और अन्याय का महासंस्कार था। और दो महीने बाद जब वे शांत हुए, तब भी एक संदेश छोड़ गए—मैंने बौद्ध धर्म इसलिए चुना क्योंकि यह बराबरी, करुणा और विज्ञान पर आधारित है।

आज जब हम महापरिनिर्वाण दिवस मनाते हैं, प्रश्न यह नहीं कि बाबासाहेब हमारे बीच नहीं हैं—प्रश्न यह है कि क्या हम उनके विचारों के बीच खड़े हैं? जिस संविधान की रक्षा के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, आज उसी पर बार-बार हमले हो रहे हैं। जिस समता की परिकल्पना उन्होंने की, आज वही समता खोखली करने की कोशिशें झेल रही है। आरक्षण पर फैलाया जाने वाला हर झूठ, उनके संघर्ष की नींव पर लूटा गया हमला है। उन्होंने स्पष्ट कहा था—आरक्षण कोई भीख नहीं, यह प्रतिनिधित्व का अधिकार है। फिर भी आज सवाल पूछा जाता है—आरक्षण कब तक? जवाब साफ है— जब तक जाति है, जब तक भेदभाव है—तब तक आरक्षण रहेगा। और यदि कोई इसे खत्म करना चाहता है, तो पहले इस देश से जाति को खत्म करे।

बाबा साहेब ने शिक्षा को केवल मार्ग नहीं, मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार कहा। शिक्षित बनो उनका पहला आदेश था, और आज उनके सपनों के सहारे लाखोंझकरोड़ों डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर तैयार हो रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गाँवों में अब भी दलित बच्चियाँ स्कूल जाने से पहले दूसरों के घरों की दहलीज पर झाड़ू लगाती दिखती हैं। विश्वविद्यालयों में अब भी दलित छात्रों को अपमान और अलगाव की आग में धकेला जाता है—कभी-कभी इतनी गहरी कि वह जीवन छीन लेती है। यह सिर्फ बाबासाहेब का नहीं, हमारी पूरी सभ्यता का अपमान है। यह हमारी सामूहिक नाकामी है कि हम अभी तक उनके सपनों का भारत नहीं बना पाए।

महापरिनिर्वाण दिवस केवल श्रद्धांजलि का संस्कार नहीं—यह आत्मा को झकझोर देने वाला आत्ममंथन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब की जलायी हुई मशाल अभी बुझी नहीं; वह आग हमारे भीतर जलनी चाहिए। जब तक जाति के नाम पर एक भी इंसान का आत्मसम्मान कुचला जाता है, तब तक बाबासाहेब की आत्मा को चैन नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा था—मैं ऐसी पार्टी बनाऊँगा जो कमजोरों की होगी। आज जरूरत है कि हम उस विचार को सिर्फ चुनावी पोस्टर न बनाएँ, बल्कि उसे एक आंदोलन, एक मिशन, एक प्रतिज्ञा बनाएं।

6 दिसंबर को चैत्यभूमि जाना महत्वपूर्ण है, पर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उस नीली किताब को फिर से खोलना। संविधान को पढ़ना—उसकी प्रस्तावना को ऊँची आवाज में दोहराना—हम भारत के लोग और यह संकल्प लेना कि इस हम से कोई भी बाहर न धकेला जाए—न जाति से, न धर्म से, न लिंग से। बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म अपनाते हुए कहा था—मैं जन्म से हिंदू पैदा हुआ था, पर मैं हिंदू होकर मरूँगा नहीं। आज हमें भी यही प्रतिज्ञा लेनी है—कि हम जन्म से जो भी हों, पर अन्याय, भेदभाव, और असमानता के सामने झुककर कभी नहीं मरेंगे।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब कोई दैवी शक्ति नहीं, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छा, बुद्धि और संघर्ष से महान बने हुए एक साधारण जन्मे असाधारण इंसान थे। एक ऐसा इंसान जो दर्द से टूटा, लेकिन उसी दर्द को हथियार बनाकर उठ खड़ा हुआ। एक ऐसा इंसान जिसकी जिद, जिसकी पढ़ाई, जिसकी बेचैनी और जिसकी संघर्ष-भरी रातें—लाखों लोगों की सुबह बन गईं। हम उनकी जयंती पर नारे बहुत लगाते हैं, लेकिन उनकी पुण्यतिथि हमें खामोशी में खुद से सबसे कठिन सवाल पूछने पर मजबूर करती है— हमने उनके लिए क्या किया? क्या हम सच में उनके विचारों के वारिस हैं, या सिर्फ उनके नाम को इस्तेमाल करने वाले सुविधाजनक वारिस?

जब इस देश में एक भी व्यक्ति अपनी जाति की वजह से अपमानित होता है—समझ लीजिए, बाबासाहेब का परिनिर्वाण पूरा नहीं हुआ। उनका वास्तविक महापरिनिर्वाण तभी होगा जब जाति की अंतिम ईंट गिर जाएगी, जब समता सचमुच धरती पर उतरेगी, जब संविधान सिर्फ किताब नहीं, जीती-जागती जिंदगी बन जाएगा। तब तक बाबासाहेब जीवित हैं—हमारी लड़ाई में, हमारी आवाज में, हर जय भीम की प्रतिध्वनि में। इसलिए इस 6 दिसंबर को सिर्फ फूल चढ़ाने मत जाना— अपने भीतर की जाति को मारने जाना। अपने भीतर के मनुवाद को अग्नि देने जाना। और लौटते समय यह संकल्प लेकर आना— कि अबकी बार, बाबासाहेब का सपना पूरा करके रहेंगे। जय भीम। जय भारत। जय संविधान।

## कार्तिक मेला आधुनिकता की ओर

58 वर्ष पूर्व उज्जैन के कार्तिक मेले की घटना याद आई जब भी ऐसी ही चहल पहल रहती थी।अब लाइटिंग वाले झूले,मछली घर आदि से मेला आधुनिक हो गया।मगर जलेबी,गराडू,आदि खाने की चीजें वो ही कि वोही है।कड़ाके की ठंड,शिप्रा के जल में मेले की लाइट की परछाई अदभुत दृश्य एक नयापन लेकर आया है।माँ क्षिप्रा के किनारे, जहाँ कार्तिक मेले के वाट्सएप फेसबुक पर वीडियो देखता हूं तो उस दौर की सारी यादें ताजा हो जाती है।यादों के सफर पर मेरे गुम होजाने की घटना भी याद आती है। एक घटना कार्तिक मेले की मै भी साझा कर रहा हूँ। मेरा जन्म स्थान उज्जैन है। जब मैं 8 वर्ष का था उस समय मै मम्मी और रिश्तेदार के साथ कार्तिक मेले में हर दूसरे दिन जाते वहाँ कई विभागों की प्रदर्शनी लगी रहती थी। क्षिप्रा नदी पर पुराना पुल 1952 में ठेकेदार मेरे नानाजी हीरालाल गोराना द्वारा ठेका लेकर निर्मित किया था।जब एक प्रदर्शनी में मेरी बुजुर्ग महिला रिश्तेदार की अंगुली पकड़ कर गया । पीछे मम्मी भी साथ मे चल रही थी।भीड़ होने के कारण मै रिश्तेदार की अंगुली छोड़ मम्मी के पास जाने की जिद करने लगा। रिश्तेदार ने मेरी मम्मी को देख कर उंगली छोड़ दी। मैं भीड़ और छोटा होने से मम्मी को नही ढूंढ पाया और रोने लगा। रास्ता भटक गया। कार्तिक मेले में पुलिस वालों का टावर भी लगता जहाँ से अनाउंसमेंट किया जाता था। पुलिस वालों ने मुझे रोता देख अपने टावर पर ले जाकर नाम,पता पूछा। मैं अपने नाना-नानी का पता उज्जैन बता पा रहा था। मेरे मामाजी के घर का नाम पप्पू मामा (जो अब नही रहे)और नीम के झाड़ के नीचे होदी होने का बता पा रहा था।पुलिस वालों का अनाउंसमेंट जब मम्मी ने सुना तो टॉवर पर जाकर मुझे गोदी में उठा लिया।पुलिस वालों ने सम्भालने की समझाइश दी।उस समय इतनी अच्छी व्यवस्था थी कि ना मोबाइल थे लेकिन कार्तिक मेले की व्यवस्था इतनी अच्छी थी कि गुम हुए लोग आसानी से अनाउंसमेंट के जरिए ढूंढ लिए जाते थे। मैंने अपनी शिक्षा साइंस कॉलेज 1980-81एवं आय टी आय उज्जैन से नाना -नानी के यहां रहकर पूरी कर शासकीय सेवा बड़े पद पर रहकर वर्तमान में सेवा निवृत्ति हुई।मेले में बच्चों को ले जाकर पुरानी घटना की कहानी सुनाकर उन्हें कार्तिक मेला दिखाऊंगा। - **संजय वर्मा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 दिसंबर 2025 शनिवार
सूर्योदय - 06:56 सूर्यास्त 17:38
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दुतिया 21:26 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - मृगशिरा 08:49 उपरांत आर्द्रा 06:14 उपरांत पुर्नवशु
योग - शुभ 23:45 उपरांत शुक्ल
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 14 तारिख

**मेष-** आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।
**वृषभ-** घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी।
**मिथुन-** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।
**कर्क-** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।
**सिंह-** शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।
**कन्या-** भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।
**तुला-** मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।
**वृश्चिक-** आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा।
**धनु-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।
**मकर-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।
**कुंभ-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा।
**मीन-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**व्यंग्य**

## जो भी होगा देखा जाएगा

जब कोई बात उलझ जाएं और लाख सर पटकने या हाथ पैर चलाने के बावजूद बात सुलझने का नाम न ले, थक हार कर कह देना चाहिए कि जो भी होगा देखा जाएगा। यह एक ऐसा वाक्य है जिसका उद्घोष स्वयं को फौरी तौर पर सांत्वना प्रदान करता है। विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी मन एकदम बिंदास हो जाता है। कभी-कभी तो यह वाक्य जेहन में आते ही उन्मुक्तता का बोध भी होने लगता है। एक प्रकार से आदमी बिल्कुल बेफिक्र हो जाता है। दरअसल जमाने भर के तनाव को दफन करने का यह ब्रह्म वाक्य है। वैसे भी जब-जब जो-जो होना है तब-तब वह-वह होता है, तो फालतू का चिंतन करते हुए चिंता में डूबे रहने का कोई अर्थ नहीं होता।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

यही नहीं अपितु इसके चलते मन को कुछ इस कदर तसल्ली मिलती है जैसे हमने स्वयं को स्वयं ही अभय दान दे दिया हो। सचमुच बहुत ही चमत्कारिक वाक्य होता है - जो भी होगा देखा जाएगा। जैसे ही यह वाक्य उच्चारित किया जाता है , मन की बेचैनी एकदम काफूर हो जाती है और हम राहत भरी ठंडी सांस लेने लगते है। कभी-कभी तो अंतर्मन में इस कदर गर्माहट आ जाती है कि जो भी अच्छा या बुरा हो, चिंता की कोई बात नहीं। कैसी भी परिस्थिति निर्मित हो जाएं, हम सब निपट लेंगे। आजकल के दौर में एक तो वैसे ही जमाने भर के संताप है, ऐसे में अतिरिक्त संताप तो आदमी को एकदम से तोड़कर रख सकता है।

ऐसे में जो भी होगा देखा जाएगा का भाव आदमी को जीते जी मरने नहीं देता। आजकल के दौर में लगभग हर एक आदमी तमाम तरह की चिंताओं में डूबा हुआ है। यदि और कोई आर्थिक समस्या या चिंता की कोई बात नहीं हो, तब भी लगातार बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के चलते उसका सामान्य जीवन जी पाना मुश्किल होता जा रहा है। यदि आदमी धन-धान्य से परिपूर्ण है और महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर समझौतावादी दृष्टिकोण रखता है तब भी ₹ और अधिक... और अधिक ₹ की चाहत उसे बुरी तरह से बेचैन किए हुए हैं। अब चिंता का क्या है, वह केवल आर्थिक ही नहीं होती अपितु शारीरिक और मानसिक भी हो सकती है।

गरज यह कि चिंता कहीं से भी उठकर सर पर सवार हो सकती है। संसार में हम आए हैं तो यह बहुत स्वाभाविक है कि तमाम तरह का रोना गाना लगा ही रहेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि चिंता मुक्त होने और रहने के लिए कोई न कोई ठोस उपाय किए जाएं। काफी सोच विचार और वैचारिक मंथन करने के उपरांत हजार बात की एक ही बात नजर आई कि जब जो होना है, वह तो होकर ही रहेगा, इसलिए यही धारणा बना लेनी चाहिए कि जो होगा देखा जाएगा। अन्यथा आर्थिक शारीरिक और मानसिक दृष्टि से जमाने भर के संताप हमारी घेराबंदी कर देंगे। इसलिए अपने आप को परिस्थिति के हवाले कर देना ही बेहतर है।

यदि तमाम तरह की चिंताओं के मारे मन आकुल-व्याकुल हो रहा हो, लाख कोशिशों के बावजूद किसी भी समस्या का कोई भी समाधान नहीं निकल रहा हो, ऐसी स्थिति में तो जो भी होगा देखा जाएगा का भाव चमत्कारिक रूप से तमाम तरह की चिताओं से उबार देता है। वैसे भी चिंता को चिता समान माना गया है। इसलिए जब तक हमारी जिंदगी को लेकर विधाता हाथ ऊंचे नहीं कर देते, हम कहां चिता पर बैठते हैं। वैसे यह जरूर है कि हमें अपनी समस्याओं का स्वयं समाधान निकालना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि आजकल के जमाने में एक समस्या निपटाओ तो दूसरी समस्या सामने आ खड़ी होती है। ऐसे में आदमी करे तो कर क्या ? इसलिए कहिए, जो भी होगा देखा जाएगा।

## अंगदान से जीवनदान, भारत में लिवर ट्रांसप्लांट की बढ़ती मांग के पीछे का पूरा सच

मेडिकल रिपोर्ट्स पर एक नजर डालें तो यह पता चलता है कि भारत में हर साल प्रत्यारोपण के लिए जरूरी अंगों की कमी की वजह से करीब 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हर दिन कम से कम 15 लोगों की मौतों की एक वजह अंगों की कमी होना है। वैश्विक स्तर पर कैंसर और हृदय रोग सबसे बड़ा कारण है। भारत में हर साल लाखों की संख्या में लोगों की मौत समय पर जरूरी अंग न मिल पाने की वजह से भी हो जाती है। हालांकि इस दिशा में कई व्यापक प्रयास और जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से अंगदान के लिए अधिक से अधिक लोग आगे आएं और जरूरतमंदों को समय पर अंग मिल सकें। वहीं इससे संबंधित एक हालिया रिपोर्ट काफी राहत देने वाली है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या में लिवर प्रत्यारोपण करने वाला देश बन गया है। यह जानकारी लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की तरफ से दी गई है।

### बड़ी संख्या में मौतें

मेडिकल रिपोर्ट्स पर एक नजर डालें तो यह पता चलता है कि भारत में हर साल प्रत्यारोपण के लिए जरूरी अंगों की कमी की वजह से करीब 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हर दिन कम से कम 15 लोगों की मौतों की एक वजह अंगों की कमी होना है। बड़ी संख्या में लोगों की मौत लिवर फेलियर और समय पर लिवर ट्रांसप्लांट न होने की वजह से भी हो जाती है।



हालांकि भारत ने इसमें काफी ज्यादा सुधार किया है। जहां पर हर साल करीब 30,000 मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट से बचाया जा सकता है, वहीं यह सिर्फ 1,800 को ही मिल पाता है। लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने कहा कि भारत का लिवर ट्रांसप्लांट इकोसिस्टम विज्ञान, मानवता, नैतिकता के बीच पूर्ण सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय मॉडल दुनिया के लिए लिविंग डोनर लिवर प्रत्यारोपण का एक स्वर्णिम मानक बन गया है।

### कब पड़ती है लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत

अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत कब होती है। साथ ही पहले से ही क्या उपाय किए जाएं कि भविष्य में इस तरह की कोई नौबत न आने पाए। लिवर ट्रांसप्लांट एक ऐसी सर्जरी है, जिसमें फेल हो चुके या फिर ठीक से काम न कर रहे लिवर को निकाल दिया जाता है। उसकी जगह किसी डोनर लिवर को लगाया जाता है। इससे व्यक्ति की जान बच सकती है। क्योंकि लिवर शरीर का एक अहम अंग है, जोकि कई जरूरी काम जैसे दवाइयों, न्यूट्रिएंट्स और हॉर्मोन को प्रोसेस करने, खून को साफ करने, बाइल बनाने और भोजन को पचाने में सहायता करता है। इसलिए डोनर लिवर को लगाने से यह सारे काम फिर से सही तरीके से होने लग जाते हैं।

### लिवर फेलियर और इसकी वजह

एक्सपर्ट की मानें, तो आमतौर पर लिवर ट्रांसप्लांट उन लोगों के लिए एक इलाज का तरीका होता है। जिनको आखिरी स्टेज की क्रॉनिक लिवर डिजीज है। लिवर ट्रांसप्लांट उन दुर्लभ मामलों में किया जाता है, जब किसी व्यक्ति का लिवर सामान्य तौर पर काम नहीं कर रहा होता है। परेशानी की बात यह है कि लिवर ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार लोगों की संख्या, उपलब्ध डोनर लिवर की संख्या से अधिक है।

**धर्म-आस्था**

## कर्म, संयम और समर्पण: श्रीमद् भागवत के अमर संदेश

भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रीमद् भागवत वह दिव्य ग्रंथ है जिसने केवल अर्जुन को ही नहीं, अनंत पीढ़ियों को जीवन जीने की कला सिखाई है। यह केवल एक धार्मिक पुस्तक नहीं, बल्कि आचरण, साधना, संतुलन, आत्मबल और कर्म की सूक्ष्मता को समझाने वाला जीवन-दर्शन है। गीता का प्रत्येक श्लोक मानो मनुष्य के भीतर के अंधकार को दूर करने वाला दीपक है। यह ग्रंथ हमें बताता है कि संसार का सार क्या है, मनुष्य का कर्तव्य क्या है और जीवन की उलझनों में संतुलन बनाए रखने का मार्ग क्या है। आज जब मनुष्य तनाव, चिंता, असंतोष, प्रतियोगिता और मानसिक दबावों से घिरा हुआ है, तब गीता के उपदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो उठे हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

गीता का प्रथम और सबसे प्रसिद्ध उपदेश है कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। इसका गूढ़ अर्थ यह है कि व्यक्ति को अपने काम में निष्ठा रखनी चाहिए, लेकिन परिणाम की चिंता में मन को उलझा कर स्वयं को कमजोर नहीं करना चाहिए। आज सफलता और असफलता का दबाव हर आयु वर्ग के लोगों पर है। विद्यार्थी से लेकर व्यापारी, गृहस्थ से लेकर युवा—सब परिणाम की चिंता में डूबे रहते हैं। गीता कहती है कि यदि व्यक्ति अपने कर्म को पूर्ण समर्पण और ईमानदारी से करता है, तो फल अपने-आप शुभ होता है। चिंता केवल ऊर्जा नष्ट करती है, जबकि कर्म ऊर्जा का निर्माण करता है। यही कारण है कि कृष्ण अर्जुन को बार-बार स्मरण कराते हैं कि कर्म को पूजा समझकर करो, परिणाम को भगवान पर छोड़ दो। गीता का दूसरा महत्त्वपूर्ण उपदेश है—आसक्ति दुख का कारण है। संसार में हर संबंध आवश्यक है, परंतु मोह बंधन बनता है। जब व्यक्ति का मन अत्यधिक अपेक्षाओं से भर जाता है, तब दुख अनिवार्य हो जाता है। कृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि संबंध निभाओ, परंतु मन को उनसे जकड़ो मत। मन खुला हो तो जीवन सरल हो जाता है। आज जब परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र—सब जगह अपेक्षाओं का जाल बिछा हुआ है, तब यह उपदेश व्यक्ति को मुक्त करता है। गीता सिखाती है कि प्रेम करो, परंतु स्वार्थरहित; कर्तव्य निभाओ, परंतु बंधन में पड़े बिना।

गीता ज्ञान के महत्व को सर्वोच्च स्थान देती है। ज्ञान केवल पुस्तकें पढ़ने से नहीं, बल्कि जीवन को देखने, समझने, परखने और अपनाने से आता है। कृष्ण कहते हैं कि ज्ञान अग्नि की तरह है जो अज्ञानरूपी अंधकार को भस्म कर देता है। आज जब भ्रम, अफवाहें, अधूरी जानकारियाँ और मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ता जा रहा है, तब विवेक से निर्णय लेना अनिवार्य हो गया है। ज्ञान मनुष्य को साहस देता है, स्थिरता देता है और आगे बढ़ने का पथ दिखाता है।

गीता समर्पण और आस्था की शक्ति को भी जीवन का मेरुदंड मानती है। कृष्ण कहते हैं कि जो व्यक्ति ईश्वर को अपना मार्गदर्शक मान लेता है, उसके अंदर अदृश्य शक्ति उत्पन्न हो जाती है। आस्था मन को स्थिर करती है और कठिन समय में मनुष्य को गिरने नहीं देती। आज जब लोग अकेलेपन, असुरक्षा और मानसिक थकान से जूझ रहे हैं, तब आस्था मन के भीतर ऊर्जा का स्रोत बनती है। यह आस्था किसी भी रूप में हो—ईश्वर, गुरु, माता-पिता, कर्तव्य या स्वयं के लक्ष्य—समर्पण मनुष्य को संघर्ष में भी संतुलित रखता है। गीता का एक अत्यंत प्रासंगिक संदेश है—हर परिस्थिति में कर्तव्य का पालन। परिस्थितियाँ अनुकूल हों या प्रतिकूल, मनुष्य को अपने दायित्व से पीछे नहीं हटना चाहिए। अर्जुन जब संग्राम से पीछे हटना चाहते हैं, तब कृष्ण उन्हें बताते हैं कि कर्तव्य से पलायन जीवन में सबसे बड़ी गलती है। आज के समय में भी जब कठिनाइयाँ आती हैं, लोग भागने लगते हैं—नौकरी से, परिवार से, जिम्मेदारियों से, संघर्षों से। गीता कहती है कि भागना समाधान नहीं, बल्कि संघर्ष का सामना करना ही जीवन की दिशा निर्धारित करता है।

मन को संतुलित रखना गीता का एक गूढ़ मार्गदर्शन है। मनुष्य का मन ही उसका मित्र भी है और शत्रु भी। यदि व्यक्ति अपने मन पर नियंत्रण रखना सीख ले—लालच, क्रोध, ईर्ष्या, भय और अहंकार जैसी प्रवृत्तियों को संयमित कर ले—तो जीवन में सुख स्वतः प्रकट हो जाता है। आज मानसिक अस्थिरता, क्रोध, अधैर्य और असंतोष जैसे भाव अधिक बढ़ गए हैं। इन सबका एकमात्र उपाय वही है जो गीता बताती है—संयम और साधना। मन को निरंतर संकेत देना, उसे शांत रखना, उसे सकारात्मक विचारों से भरना—यह हर व्यक्ति की व्यक्तिगत साधना होनी चाहिए।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेन्डर्ड- 1,28,600, रवा- 1,28,500 चांदी- टंच- 1,75,100 पाट- 1,75,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## साइकिल वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत सुसनेर की उपेक्षा

**सुसनेर।** जनपद पंचायत सुसनेर की अध्यक्ष पिंकी राजपाल सिंह ने शिक्षा विभाग सुसनेर और कन्हैयालाल मालवीय प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर के खिलाफ शासन से शिकायत दर्ज कराई है। अध्यक्ष का आरोप है कि क्षेत्रीय स्कूलों में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रमों की उन्हें कोई सूचना नहीं दी जा रही है। पिंकी राजपाल सिंह ने बताया कि 3 दिसम्बर को सुसनेर में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम के बारे में उन्हें अवगत नहीं कराया गया। इससे पहले ग्राम पंचायत खेरिया देहरिया और अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम हुए, लेकिन किसी भी कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष को नहीं दी गई। अध्यक्ष ने इस संबंध में कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अध्यक्ष ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर एसडीएम से मांग की गई।

## राजगढ़ ज़िले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण




**ब्यावरा-राजगढ़ ।** राजगढ़ ज़िले में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने पर जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा का स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उनके नेतृत्व की सरहाना की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं समस्त टीम की सरहाना करते हुए कहा कि एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना राजगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता, टीमवर्क तथा समयबद्ध कार्यशैली का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी अनुविभागीय राजस्?व अधिकारियों जिनमें ब्यावरा गोविंद दुबे, खिलचीपुर श्रीमती अंकिता जैन, सारंगपुर रोहित बम्होरे, राजगढ़ श्रीमती निधि भारद्वाज ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा को पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और एसआईआर के सफल क्रियान्वयन में उनके मार्गदर्शन की सराहना की।

## किसान-व्यापारी विवाद, कार्रवाई की मांग



**सुसनेर।** गुरुवार को नगर के खाद व्यापारियों ने किसान सिदुसिंग द्वारा बालाजी कृषि सेवा केंद्र के व्यापारी डॉ. रामकरण की दुकान पर अभद्र व्यवहार करने और गाली-गलौज करने की शिकायत को लेकर पुलिस को आवेदन दिया। इस अवसर पर नारायण सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह परमार, कल्याण सिंह, मोहन कानुड़िया, संजय तिवारी, बाबूलाल यादव, अशोक जैन, निलेश मित्तल, ईश्वर सिंह और आनंद पाटीदार सहित कई व्यापारी मौजूद थे। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे खाद का विक्रय बंद कर देंगे। किसान सिदु सिंग ने भी पुलिस को आवेदन देकर बताया कि उन्हें व्यापारी द्वारा दी गई खाद की बोरी में 3 किलो कम मिली। थाना प्रभारी केसर राजपूत ने कहा कि दोनों पक्षों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्री संस्कार एकेडमी, आगर का शैक्षणिक भ्रमण दल कुल्लू-मनाली के लिए रवाना



**आगर मालवा।** श्री संस्कार अकैडमी, आगर के विद्यार्थियों का 78 छात्र छात्राओं का दल शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए कुल्लू-मनाली के उद्देश्य से रवाना हुआ। इस भ्रमण के दौरान छात्र कुल्लू-मनाली की भौगोलिक स्थितियों, वहां की संस्कृति, रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान तथा प्राकृतिक सौंदर्य एवं जलवायु का प्रत्यक्ष अध्ययन करेंगे। दल 2 तारीख को रवाना हुआ व 9 तारीख को वापस लौटेगा। यात्रा के क्रम में विद्यार्थी शाजापुर से अंबाला, उसके बाद अंबाला से मणिकरण साहिब पहुंचकर वहां के गर्म पानी के कुंड का अध्ययन, हरियाली भरी वादियों का अवलोकन, तथा पार्वती नदी व्यास नदी के संगम दर्शन करेंगे। इसके उपरांत दल कुल्लू और मनाली का भ्रमण कर पुनः चंडीगढ़ से रेल मार्ग से आगर वापस आएगा। जानकारी डॉ. पंकज अटल ने देते हुए बताया की यात्रा की जिम्मेदारी बच्चों में बांटी गई है जिससे वह मैनेजमेंट सिख सके दल प्रभारी मिनाक्षी दुबे व व शितल शर्मा को बनाया गया है । रवानगी के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और यात्रा के सफलतापूर्वक एवं सुरक्षित संपन्न होने की मंगलकामना व्यक्त की।

# किसानों ने मक्का एमएसपी, यूरिया वितरण की मांग की कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की परेशानियों को उठाते हुए मक्का की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी शुरू करने, यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर सख्त रोक लगाने की मांग रखी गई।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि मक्का का एमएसपी तो 2400 रुपये प्रति क्विंटल तय है, लेकिन वास्तविकता यह है कि मंडियों में किसानों की उपज 1100 से 1400 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही है। उनका कहना है कि सरकार की नीतियों के कारण व्यापारी किसानों को औने-पौने दाम दे रहे हैं और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। कांग्रेस का आरोप है कि सरकारी खरीद बंद होने से किसान मजबूरी में सस्ते दामों पर फसल बेचने को विवश हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिन उद्योगों में मक्का उपयोग होता है, वहां भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। उद्योगों ने सीजन में अपनी क्षमता का केवल 30% स्टॉक खरीदा, जबकि 100% खरीद होती तो मंडियों में फसल का भाव 2100 से 2400 रुपये के बीच रहता। कांग्रेस ने कहा कि जिन प्लांटों ने खरीद नहीं की, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया, और इसका नुकसान सीधे किसान वर्ग झेल रहा है। इसके साथ ही यूरिया की कमी को लेकर भी कांग्रेस ने कड़ा रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं बोवनी के समय खाद के लिए भटक रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि सरकार तत्काल किसानों के हित में निर्णय ले, वरना कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### बाल विवाह-मुक्त भारत अभियान का लाइव प्रसारण देखा गया

## बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



बाल विवाह की कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से देशभर में 27 नवम्बर 2024 को प्रारंभ किए गए बाल विवाह-मुक्त भारत अभियान ने एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। अभियान की गति को और सशक्त बनाने के लिए 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित विशेष अभियान पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान सैचुरेशन अप्रोच के साथ आयोजित है, जिसमें प्रत्येक चिन्हित संस्था, सामुदायिक स्थल एवं सेवा प्रदाता तक पहुँच सुनिश्चित की जा रही है तथा सभी राज्यों के बाल विवाह प्रतिबंध अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर जानकारी अद्यतन की जा रही है।

इसी क्रम में गुरूवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा विशाखापट्टनम से 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी संबोधन दिया गया, जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, जिला आगर मालवा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मुन्नाबाई चैहान ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने हेतु नागरिकों से सहज और सरल भाषा में जागरूकता फैलाने की अपील की। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव गुप्ता ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनन प्रावधान तथा रोकथाम के लिए समुदाय की सहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी, श्रीमती मनीषा चौबे ने बाल विवाह रोकथाम दल द्वारा मैदानी स्तर पर सामना की जाने वाली चुनौतियों एवं अपने अनुभव साझा किए। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉ. मनोज जैन ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की प्रमुख धाराओं एवं कानूनी कार्यवाही की जानकारी प्रदान की। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संगीता देसाई ने समाज के हर वर्ग से सहयोग प्राप्त कर बाल विवाह रोकथाम में पूर्ण योगदान देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर श्रीमती श्वेता शर्मा, श्रीमती कमला राठौर, बाल कल्याण समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण चौहान, सुश्री शिखा कोठारी, श्रीमती स्वाति दुबे, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मनीषा चौबे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## हेलमेट नहीं लगाने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के अंतर्गत टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह कुशवाह द्वारा एक व्यापक एवं जन-जागरूकता आधारित चैकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय, एसपी कार्यालय एवं पुलिस लाइन मुख्य प्रवेश द्वार पर विशेष चेकिंग प्वाइंट बनाए गए। इन चैकिंग प्वाइंट्स पर एसपी ऑफिस मुख्य गेट पर सुबेदार हर्ष यादव, कलेक्ट्रेट मुख्य गेट पर सुबेदार अविनाश उमरैया एवं डीआरपी लाइन मुख्य गेट पर एसआई मुन्ना राम भगत द्वारा यातायात बल के साथ मिलकर सख्त एवं संवेदनशील कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान कई दो-पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए। यह लापरवाही छोटी दिखती है, पर दुर्घटना की स्थिति में किसी परिवार की खुशी और उम्मीद को हमेशा के लिए बुझा सकती है।

## श्री दत्त जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन

**तराना।** बस स्टैंड स्थित श्री क्षेत्र दत्त मंदिर में शुक्रवार को श्री दत्त जन्मोत्सव अंतर्गत महाप्रसाद का आयोजन किया गया मंदिर परिसर में बुधवार से चल रहे तीन दिवसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन भी हुआ। श्री दत्त जन्मोत्सव के अंतर्गत मंदिर में आकर्षक साथ सजा कर प्रतिमा को श्रृंगारित किया गया मंदिर परिसर में महा आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे। प्रबंधक विलास तराणेकर ने सभी का आभार माना।

### अखंड भजन सप्ताह का भंडारा महाप्रसादी के साथ हुआ विश्राम

## मीना समाज सहित बाबा के अनुयायियों ने निकाला चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



विगत सात दिनों से चल रहे अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का विश्राम पूर्णाहुति एवं चल समारोह और विशाल भंडारे के साथ हुआ। सप्त दिवसीय इस आयोजन में कलाकरों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन परम्परागत 65 वर्षो से लगातार मीना समाज के सानिध्य में चला आ रहा, जिसमे समाधिस्थ अलमस्थनाथ के पारिवारिक सदस्यों का भी विशेष योगदान रहता है इस आयोजन में विश्राम दिवस पर पाठशाला आश्रम सुठालिया से बालकदास महाराज पनियारा आश्रम से भोलादास महाराज, रामकथा वाचक मोहनलाल नागर, भागवताचार्य सतीश नागर, अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, आईजी सतीश सक्सेना भोपाल, बाल किशनदास बैरागी पुजारी द्वारा सभी कलाकारों का पात्र एवं भेट द्वारा सम्मान किया गया।

### इन्होंने की शिरकत

इस आयोजन में आरटीओ जगदीश मीना, मीणा समाज सेवा संगठन जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीना कुरावर, विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, रेखा पचवर्या, गजराजसिंह मीना, बाबुलाल लखनवास, मांगीलाल पटेल, हरिओम दांगी भाजपा महामंत्री, ओम लववंशी, ब्रजेश त्रिवेर्दी, जसवंत गुर्जर पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष, किसान नेता रामजगदीश दांगी, गोविंद पटेल, भानू मीणा, रामबाबू डॉक्टर, बद्रीप्रसाद शिक्षक, आशीष मीना, केशर सिंह, विष्णु मीना सरपंच, केसरसिंह, हरभजन मीना, भीलखेड़ी, बाबुलाल कासोर सहित हजारों की संख्या लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

### इन कलाकारों का किया सम्मान

अखंड भजन सप्ताह के विश्राम के पूर्व रात्रि को अतिथियों ने इन कलाकारों का सम्मान किया, जिनमें बाबुलाल भगतजी नादनपुर, राजू मीणा तबला वादक, जितेंद्र, कमल, संतोष शर्मा, मनीष, संजय, लाला, राकेश, राजन, नवल राव, मुकेश बेंजो, लखन राव, अशोक, बाल कलाकार आयुषी मीना, रविन्द्र प्रजापति, रघुवरदास, बालछड़ी भगत आदि अन्य कलाकार शामिल हैं।

### निकला चल समारोह

विश्राम दिवस के दिन बाबा अलमस्तनाथ जी की समाधि से पंचमुखी रोड, अस्पताल चौराहा, इंदौर नाका होता हुआ चल समारोह ढोल डमाकों, आतिशबाजी, नृत्य और भजनों के साथ निकाला गया। चल समारोह में अलमस्थनाथ जी की तस्वीर रथ में सजाकर भजन कीर्तन के सात नगर में जुलुश निकाला गया, जिसके बाद भंडारा प्रसादी के साथ समापन हुआ।

## जिले में चायनीज मांझा प्रतिबंधित

**आगर मालवा।** चायनीज मांझा (चायना डोर) का पतंगबाजी में उपयोग से आमजनता एवं पशु-पक्षियों में होने वाली घटनाओं की रोकथाम हेतु सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी, और कपास के साथ लेपित मांझाध्कांच का उपयोग करके निर्मित मांझा) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण और उपयोग प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने आमजन और पशु-पक्षियों की सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सम्पूर्ण आगर-मालवा जिले में चायनीज मांझा के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। आदेश दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसका उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डनीय अपराध होगा।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा बडा पुत्र प्रवीण साहु पिता गोपाल साहु उम्र 43 वर्ष का व्यक्तित्व अच्छा नही हे, वह आये दिन लडाई-झगडा व समाज विरोधी कार्य करता रहता हे उसके इन्ही कृत्यो से मे मानसिक रूप से काफी प्रताडित हु जिसके कारण मेरी समाज में मान-प्रतिष्ठा धुमिल / खराब होती है। इस कारण मेने यह निर्णय लिया हे कि आज दिनांक से अपने पुत्र प्रविण साहु को अपनी जायदाद, संपूर्ण सम्पति व अपने परिवार से बेदखल करता हु,एंव प्रविण साहु के द्वारा किये गये किसी भी कार्य / वित्तीय व्यवहार / कर्ज लेन-देन का मेरे व मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना या दायित्व नही रहेगा। मेरी किसी भी सम्पति मे उसका अधिकार आज से समाप्त हो गया हे उसके द्वारा किये गये कृत्यो की जवाबदारी उसकी स्वंय की होगी में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही रहुगा।

**गोपाल साहु पिता बिहारी लाल साहू**
**निवासी- 6/51 नजर अली मार्ग गली न. 4 उज्जैन (म.प्र)**
**मोबाइल - 8349494874**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती ललिता हाड़ा पति स्व. अनिरूद्ध हाड़, निवासी 115, चन्द्रशेखर आजार मार्ग उज्जैन को उत्तराधिकारी में प्राप्त होने वाले मकान म्यू.नं. 3/1077 पुराना नंबर 4544, वर्तमान म्यू, नलं. 115, सत्यनारायण मंदिर के सामने, दानीगेट दरवाजा चन्द्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन में स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर है एवं भवन चार मंजिला अर्थात जी +3 पक्का आरसीसी एवं आरबीसी की छत का मिक्स बना हुआ है जो मुख्य मार्ग पर आवासीय सह व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित है एवं में तल भूमि एवं सम्पूर्ण निर्माण, हवाई हक, बिजली कनेक्शन शमिल है भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का है जिसकी पैमाईश पूर्व पश्चिम व तरफ उत्तर दक्षिण 16 फीट 9 इंच, पूर्व पश्चिम व तरफ दक्षिण 17 फीट उत्तर दक्षिण व तरफ पूर्व 78 फीट 10 इंच, उत्तर दक्षिण व तरफ पश्चिम 72 फीट 7 इंच कुल क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा पूर्व की तरफ मकान मूलचन्दं, रामा नारायण का, पश्चिम की तरफ वर्तमान में हाड़ा जी का मकान जो पूर्व में बाड़ा व मकान कृष्णकांत ब्राहम्ण का था. उत्तर की तरफ बंद गली, दक्षिण की तरफ वर्तमान में आमरास्ता, जो पूर्व में पक्का ओटला व सीढ़िया बाद में आम रास्ता जो दानी दरवाजा की तरफ जाता था, को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने कर बयाना राशि दी जाकर अपने हित में विक्रय पत्र का संपादन दिनांक 20-01-2026 के पूर्व कराना चाहता है। यदि किसी आम व खास को स्वत्व संबंधी सुखाधिकार संबंधी या उत्तराधिकार संबंध में, या रहन, बय, दान या अन्य प्रकार से अंतरण हस्तारंतण, भार, बोझ के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति होने की दशा में इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मुझ अभिभाषक को मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावे ताकि आपत्ति विचार कर निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद म्याद किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार व मान्य नहीं होगी न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा। सूचित हो।

**कैलाश जोशी एडव्होकेट**
**कार्यालय : 11/2, डाबरी पीठा, तिलक मार्ग गली नं. 9 उज्जैन**
**मो.नं. 9827534366**




## छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सोंपा ज्ञापन

**आगर मालवा।** शासकीय नेहरू कॉलेज आगर में एनएसयूआई ने प्राचार्य डी पी चतुवेर्दी को ज्ञापन सोंपा एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने बताया कि स्नातक व स्नातकोत्तर में अध्यन्नरत छात्रों के सी सी ई जमा करने की आखरी तारीख है ऐसे में काफी छात्र सीसीई जमा करने से वंचित रहे गए है सी सी इ की तारीख बढ़ाने की मांग की गई, प्राध्यापक व स्टाफ के रिक्त पद की पूर्ति की मांग की गई, पूर्व में आए परीक्षा परिणाम में छात्रों को शून्य अंक दिए गए है उनकी त्रुटि सुधार कर परिणम घोषित करने एवं नेहरू कॉलेज स्थित बिल्डिंग में जिला विधि कॉलेज को अतिशीघ कॉलेज को शुरू करने की मांग की गई सरकार द्वारा जो विधि कॉलेज बन्द किया गया था शासन ने नवीन विधि कॉलेज की घोषणा की गई थी जो कि आज दिनांक तक शुरू नही हुआ विधि कॉलेज शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

## दिपांशु जैन मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के उज्जैन जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**बिछड़ौद।** मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी कि संगठन विस्तार भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रेस क्लब उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्रसिंह बैस की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश क्लब उज्जैन जिलाध्यक्ष पंकज पांचाल ने घट्टिया तहसील के बिछड़ौद गांव से के पत्रकार दिपांशु जैन को मध्यप्रदेश प्रेस क्लब जिला उज्जैन का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

### देवास में सर्विस रोड से अतिक्रमण हटा

## ग्रीन बेल्ट पर लगी 10-12 अवैध गुमटियां जब्त, आवागमन सुगम हुआ

**देवास।** देवास शहर में नगर निगम अमले ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। एबी रोड से लगे सर्विस रोड पर ग्रीन बेल्ट की जगह पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। कई लोगों ने अवैध रूप से गुमटियां और अन्य सामग्री रखकर कब्जा कर लिया था। इस अतिक्रमण के कारण सर्विस रोड पर आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची थी, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर 10 से 12 लोगों द्वारा अवैध रूप से रखी गई सामग्री और गुमटियों को हटाकर जब्त कर लिया। यह कार्रवाई रामनगर से कोर्ट तक के ग्रीन बेल्ट वाले हिस्से में की गई। निगम के हेमंत उबनारे ने बताया कि निगमायुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्थाई तौर पर लगाई गई गुमटियों को हटा दिया गया है, जिससे अब आवागमन बाधित नहीं होगा। निगम यह भी सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस जगह पर दोबारा गुमटियां न लगें।

## अंता-नागदा-बलदेवपुरा पेयजल परियोजन की पाइप लाइन में हो रहा रिसाव

**नागदा।** कस्बे में आ रही अंता-नागदा-बलदेवपुरा पेयजल परियोजना की मुख्य पाइप लाइन में सीसवाली रोड स्थित रेलवे फाटक के पास हो रहे लीकेज से करीब 2 माह से अधिक समय से पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। इससे पानी की बर्बादी के साथ ही कस्बे सहित लगभग 54 गांवों की पेयजल सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। पाइप लाइन से व्यर्थ बह रहा पानी रेलवे लाइन के दोनों ओर जमा हो गया है। स्थानीय लोगों की ओर से इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वहीं लगातार हो रहे पानी के रिसाव के कारण परियोजना से जुड़े गांवों में पानी का दबाव कम हो गया है और समीप के खेतों में पानी भर गया है। जिससे किसानों की फसलें और अमरूद के पेड़ खराब हो गए हैं।


## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता है कि भवनस्वामिनी श्रीमती कैलाश बाई पति श्री कन्हैयालालजी से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 113-बी, जो कि सर्वे क्रमांक 15/2 रकबा 1.672 हेक्टर में का एक भाग होकर मारूति परिसर, ग्राम पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन में है, जिसका कुल एरिया 47.58 वर्ग मीटर होकर दो मंजिला पक्का आर.सी.सी. का निर्मित है, को क्रय करने के उद्देश्य से इसकी सौदा चिट्ठी भी लिख ली है तथा टौकन राशि भी प्राप्त कर ली है। अब केवल अनुबंध करके बयाना राशि प्राप्त करना है तथा रजिस्ट्री करवाई जाना शेष है। यदि उक्त भवन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, पेढ़ी आदि का कोई ऋण, भार, बकाया, लेनदारी आदि हो अथवा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या उक्त सम्पत्ति के विक्रय, स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या इसमें किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई न्यायालयीन कार्यवाही दावा आदि चल रहा हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति (भवन) के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन करा लिया जावेगा तथा इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के मुकाबले मान्य नहीं होगा।

इति दिनांक-05/12/2025

**हिमांशु जोशी, एडवोकेट एवं नोटरी कार्यालय**
**25, क्षपणक मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 9424542023**

## न्यूज-कॉलम

### महू-नीमच हाइवे पर सड़क हादसा होते-होते टला

**पिपलियामंडी।** महू-नीमच हाइवे पर मौजूद स्थानीय चौपाटी पर बीती रात लगभग 12.30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार नीमच की ओर से आ रही मीरा बस ने सड़क पार कर रही एक पीले रंग की स्कूल बस को पीछे से तेज रफ्तार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूल बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित होटल सत्यम नास्ता पॉइंट में घुस गई। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा हालात गंभीर हो सकते थे। हादसे के समय होटल में कोई भी स्टाफ मौजूद नही था। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। होटल संचालक दिनेश पोरवाल ने बताया कि, बस के अंदर घुस जाने से होटल में रखा सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है, और लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बसों को हटवाकर मार्ग को पुनः सुचारू कराया गया।

### पटवारी ने मांगी 25 हजार की रिश्वत, लोकायुक्त टीम ने दबोचा

**खरगोन।** जिले में एक बार फिर राजस्व विभाग को शर्मिंदा करने वाला मामला सामने आया है। मंडलेश्वर के पटवारी हल्का नंबर 24 में पदस्थत पटवारी छतर सिंह चौहान को शुक्रवार दोपहर 2 बजे लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की पोल खुली है। डीएसपी आनंद चौहान के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की है। लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि पटवारी छतर सिंह चौहान ने एक कृषि भूमि के नामांतरण के लिए 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसकी पहली किश्त 25 हजार शुक्रवार को पटवारी ने ली थी। ग्राम खारिया, ग्राम पंचायत लाड़वी के निवासी बच्चू सिंह चौहान ने लोकायुक्त इंदौर को एक आवेदन देकर कृषि भूमि के नामांतरण हेतु पटवारी द्वारा रिश्वत मांगने को लेकर शिकायत की थी।

### जनजागरण पदयात्रा रविवार को

**मन्दसौर।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में हर माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा 7 दिसम्बर, रविवार को प्रातः ठीक 8.30 बजे, बी एस एन एल कार्यालय, प्रताप कॉलोनी से प्रारम्भ होकर पुलिस कॉलोनी, तिरुपति नगर, शुक्ला कॉलोनी, मन्दसौर क्षेत्र में भ्रमण करेगी । संस्था के गोपाल कृष्ण पंचारिया ने कहा कि पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रातः 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल- बी एस एन एल कार्यालय, प्रताप कॉलोनी, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी से बरर्डिया पूना के बीच पुलिया के नीचे 8 लेन पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवम्बर को हुए इस हादसे पर कायम मर्ग की जांच पर पुलिस ने पाया कि घटना दिनांक को वाहन चालक कन्हैयालाल (28) पिता जगदीश बलाई निवासी मुंडला को किसी अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर कन्हैयालाल को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

### अतिक्रमण हटाने पर किया था प्रदर्शन

**रतलाम।** धौंसवास में मालवीय समाज के लोगों को फोरलेन जाम करना भारी पड़ गया है। पुलिस ने चक्काजाम करने वाले लोगों में ७ नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस वीडियो के आधार पर प्रदर्शन करने वालों और लोगों को को चिन्हित कर रही है। गुरुवार सुबह जिला और पुलिस प्रशासन ने गांव धौंसवास में पहुंचा था। मालवीय समाज द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई जा रही धर्मशाला के निर्माण को तोड़ा था। इससे नाराज मालवीय समाज के लोग बड़ी संख्या में मंदसौर-इंदौर फोरलेन पर जाम लगा दिया था। सरकारी काम में बाधा डालने पर कार्रवाईसमाजजन करीब डेढ़ से दो घंटे तक बीच पर सड़क पर बैठे रहे। इस कारण फोरलेन के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। काफी समझाइश के बाद आक्रोशित माने थे।

# नाबालिग छात्रा का अश्लील विडियों बनाकर मांगी फिरौती, दो आरोपी गिरफ्तार

## शामगढ़ बंद रखकर व प्रदर्शन कर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

जिले के शामगढ़ में एक नाबालिक छात्रा का अश्लील विडियों बनाकर आरोपियों ने धमकी देते हुए नाबालिका से 5 लाख रू. मांगे तथा 2 लाख लेने के बाद भी आरोपियों ने गुरूवार को विडियों वायरल कर दिया। घटना सामने आने के बाद शामगढ़ में तनाव हो गया। विरोध के चलते शुक्रवार को पूरा शामगढ़ बंद रहा। हिन्दू संगठनों एवं आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर सब्जी मण्डी चौराहा पर चक्काजाम किया तथा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने व उनके मकान तोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने रोड़ पर बैठकर इस दौरान हनुमान चालिसा का पाठ भी किया।



प्राप्त जानकारी अनुसार शामगढ़ के निवासी रिहान अब्बासी और बाबू शाह पर आरोप है कि उन्होंने नाबालिग लड़की को चाकू की नोक पर डराकर अश्लील वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया। वीडियो बनाने के बाद उन्होंने इसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। परिवार ने डरकर पहले 2 लाख रुपए नकद दे दिए थे, लेकिन पूरी रकम नहीं मिलने पर आरोपियों ने गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर वीडियो डाल दिए।

वीडियो वायरल होने की खबर फैलते ही गुरुवार रात सैकड़ों लोगों ने शामगढ़ थाने का घेराव कर दिया और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शुक्रवार को यह जनाक्रोश और बढ़ गया, जिसके चलते हिंदू संगठनों के सक्रिय होने के बाद एहतियात के तौर पर पूरे शामगढ़ नगर को बंद कर दिया गया है।

एसडीओपी दिनेश प्रजापति, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नगर परिषद ने आरोपियों के मकान पर लगे अवैध नल कनेक्शन काट दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर पास्को एक्ट, आईटी एक्ट सहित ११ धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। तथा उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एन्ड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

महिला बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एन्ड एडवांस्ड स्टडीज, रतलाम के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया।



इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, ममता (यूनिसेफ समर्थित) के सुनील सेन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह पर उन्मुखीकरण किया गया है तथा बाल विवाह होने पर मिलने वाली सजा के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर चर्चा करते हुए बताया कि बाल विवाह समाज में फैला हुआ ऐसा अपराध है, जो बालिकाओं और बालकों के जीवन में विकास को अवरूद्ध करता है, उनके शैक्षणिक, मानसिक और शारीरिक विकास मे बाल विवाह रोड़ा बनते है, और उनके बाल अधिकारों का हनन करते है। बाल विवाह मे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने वाले सभी लोगो को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत सजा का प्रावधान है।

वन स्टाप सेन्टर, रतलाम की काउन्सलर सुश्री रिया गुर्जर ने वन स्टाप सेन्टर के कार्यो, महिला हिंसा एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी प्रदान की। साथ ही यह बताया कि, किशोरों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को समझना और उसका उचित समाधान करना आवश्यक है। उन्होनें बाल विवाह में होने वाली घरेलू हिंसा, मानसीक उत्प्रीड? से ग्रसित महिलाओं की जानकारी या शिकायत हेतु हेल्प लाईन नम्बर 181 दिया।

इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अमित शर्मा, प्रो. कपिल केरोल, प्रो. यक्षेन्द्र हरोड़, प्रो. मृदुला उपाध्याय, प्रो. अल्का उपाध्याय, प्रो. मिताली पुरोहित, प्रो. गरिमा मिश्रा, प्रो. निर्मल जाधव, प्रो. संजय धाकड़ तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

## मादक पदार्थ तस्करी में फरार आरोपी को रतनगढ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नीमच।** मदक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे फरार आरोपियो की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन में नवलसिंह सिसोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच, रोहित राठौर, अनु. अधिकारी पुलिस जावद के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रतनगढ़ श्री मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना रतनगढ़ पुलिस को फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता। थाना रतनगढ़ के अपराध एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी मुन्नालाल पिता रामप्रसाद भील उम्र 25 साल निवासी जनकपुर तह. जावद जिला नीमच का लगातार फरार चल रहा था, श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में फरार चले रहे आरोपियो की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। फरार आरोपियो की तलाश हेतु लगातर प्रयास कर मुखबीर तंत्र सक्रिय कया जाकर पुलिस थाना रतनगढ द्वारा फरार आरोपी मुन्नालाल भील को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया जा रहा है उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मनोज सिंह जादौन थाना प्रभारी रतनगढ व पुलिस चौकी डीकेन की उल्लेखनीय व सराहनीय भूमिका रही ।

## अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस पर निकली जागरूकता रैली

### उद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस स्वस्थ मृदा स्वस्थ नगर की थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. इंदर सिंह तोमर के नेतृत्व में प्रातः मृदा स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, वैज्ञानिक, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अनुशासित रैली में विद्यार्थियों ने मृदा संरक्षण संबंधित संदेशो को बोर्ड व बैनर के द्वारा प्रदर्शित किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आम जनता में मृदा के प्रति जागरूकता फैलाने वाले कई नारे भी लगाए।



मृदा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ के अंतर्गत मृदा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य -चुनौतियां एवं समाधान विषय पर संवाद एवं संगोष्ठी सत्र का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ देवेंद्र कुमार इनवाती, डॉ. रोशन गिलानी, डॉ. सत्येंद्र सिंह कुशवाह, डॉ एच पी सिंह और डॉ शरद कुमार चौधरी ने अपने विचार रखें। संवाद एवं संगोष्ठी सत्र में एकीकृत पोषण प्रबंधन ,फसल अवशेष को जलाने के स्थान पर उनका उपयोगी प्रबंधन करना, फसल चक्र अपनाना, समय-समय पर मिट्टी परीक्षण करवाना जैसे विषय प्रमुखता से सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने माटी हमारी पूजा माटी हमें है वंदन गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। अंत में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अनुज कुमार ने किया। प्रदीप तुरुकमाने ने आभार माना।





## रतलाम पुलिस द्वारा बैंकों में पहुंचकर सुरक्षा मापदंड की जांच की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

एसपी अमित कुमार के निर्देशन पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित बैंक, एटीएम की सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक शाखा एवं एटीएम की पर पुलिस टीम द्वारा पहुंचकर सुरक्षा माप दंड की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधन से सीसीटीवी कैमरे की जानकारी सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग की जानकारी प्राप्त की गई, सुरक्षा गार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा बैंक में अलार्म सिस्टम चालू हैं या नहीं इसकी जानकारी भी पुलिस ने ली। सुरक्षा गार्ड को क्राइम होने पर तत्काल नजदीकी थाने पर कॉल करने की समझाइश दी गई। प्रत्येक दिन बीट अधिकारी द्वारा बैंक या एटीएम की जांच के बाद रजिस्टर में एंट्री करते है। पुलिस अधिकारियों द्वारा रजिस्टर को भी चेक किया।

पुलिस अधिकारियों ने ग्राहकों व बैंक प्रबंधन से संवाद कर बैंकिंग फ्रॉड से बचने के तरीकों से अवगत कराया। डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप फ्रॉड आदि फ्रॉड के प्रचलित तरीके से जागरूक किया। ग्राहकों से अपील की कि अपना एटीएम किसी दूसरे के हाथ में न दें। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि बैंक संबंधी कोई भी जानकारी फोन पर पूछे जाने पर न दें और ओटीपी किसी के साथ सांझा न करें। पुलिस ग्राहकों को यह भी समझाया कि फोन पर दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचें। सभी को राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या रतलाम पुलिस द्वारा जारी सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049127420 से अवगत करवाया।

## ट्रैफिक सिस्टम और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा मॉडल रोड

### कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निरीक्षण कर प्रगति का लिया जायजा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने सोमवार को मंदसौर शहर में विकसित किए जा रहे मॉडल रोड प्रोजेक्ट का विस्तृत निरीक्षण कर संपूर्ण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा एवं घंटाघर क्षेत्र को जोड़ने वाले इस मॉडल रोड को पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि मॉडल रोड शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारू एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों द्वारा दिए जा रहे जनहित सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आगामी कार्यवाही की जा रही है, ताकि शहर को एक आदर्श एवं सुविधायुक्त मॉडल रोड उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने इस दौरान सड़क का नक्शा, एग्रीमेंट, कार्य योजना तथा नपती का अवलोकन किया। उन्होंने एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका को निर्देशित किया कि, सड़क की नपती नियमानुसार कर सभी कार्य उसी अनुरूप किए जाएँ। नपती के अनुसार चुना लाइन डालकर मार्किंग की जाए। विभाग आपसी समन्वय के साथ सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। ठेकेदारों को समयबद्ध एवं मानक अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने नगर पालिका टीम से चर्चा की और अतिक्रमण हटाने तथा शहर को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि, भवनों के आगे सड़क क्षेत्र में किए गए निर्माण को तुरंत हटाया जाए। अव्यवस्था दिखाई दे तो तत्काल कार्रवाई की जाए। मॉडल रोड पर साइक्लिंग ट्रैक विकसित करने के लिए नगर पालिका कार्य करें। एमपीईबी विभाग को अंडरग्राउंड केबलिंग, घंटाघर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा लाइन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि नगर पालिका द्वारा किए जा रहे नवीन निर्माण एवं व्यवस्थाओं से सड़क को नया स्वरूप मिल रहा है। यह मॉडल रोड पैदल यात्रियों, दोपहिया-चार पहिया वाहनों एवं सभी नागरिकों के लिए अत्यंत सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देकर ट्रैफिक जाम को कम किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि, यह मॉडल रोड शहर की कनेक्टिविटी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### माह दिसंबर की सेवा निवृत्त एवं पेंशनर महासंघ की बैठक संपन्न

**पिपलिया मंडी।** सेवानिवृत एवं पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक कार्यालय गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर श्री रामचंद्र आर्य के मुख्य आतिथ्य व श्री पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में दिनांक 5 दिसम्बर को शाम चार बजे आयोजित की गयी। जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन पुष्प अर्पित कर किया गया। संघ का प्रेरणा गीत श्री हरिसिंह यादव उपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया तथा सभी सदस्यों द्वारा समवेत स्वर में गा कर बैठक का शुभारंभ किया गया।उपस्थित सभी सदस्यों में सर्व प्रथम श्री अंबालाल जी कारपेंटर ने आध्यात्मिक विषय पर स्वरचित रचना सुनाई पश्चात श्री कन्हैयालाल कारपेंटर ,श्री बंशी लाल जी कारपेंटर,श्री भंवर सैनी फौजी,श्री श्यामलाल बोराना,श्री हुकमी चंद कनेरिया ,श्री रामचंद्र आर्य द्वारा अपनी धार्मिक रचनाएं एवं प्रेरक प्रसंग सुनाए गए। अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा तरुण के द्वारा तोरा मन दर्पण कहलाए एवं एक अन्य गीत का गायन किया।बैठक में निम्न सभी सदस्य उपस्थित रहे 9श्री के सी टेलर,श्री, श्री अमृत लाल जैन सचिव,श्री सुरेश जैन तथा श्री श्रीराम धनोतिया बैठक में उपस्थित रहे।बैठक का अंत जल पान करने के बाद सभी सदस्यों का आभार श्री हुकमीचंद कनेरिया द्वारा व्यक्त कर मासिक बैठक संपन्न की।

### फल विक्रेता की बेटी हंसा का राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिये चयन

**मन्दसौर।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 वर्ष



आयु वर्ग के लिए मंदसौर से हंसा बथमी का चयन म. प्र. एथलेटिक्स टीम में हुआ हैं, यह प्रतियोगिता 13 से 17 दिसंबर तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी। एन. आई.एस. जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया विगत 25 से 29 अक्टूबर तक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग में छोटे फल विक्रेता अयोध्या बस्ती किटियानी निवासी शंकर लाल बथमी की बेटी और कन्या उ. मा. विद्यालय, मन्दसौर की छात्रा हंसा बथमी ने 3 हजार मी. दौड़ में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर हंसा बथमी 69वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में चयनित हुई हैं, हंसा 0 से 10 दिसम्बर तक भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैंप के लिए मन्दसौर से रवाना होगी।

### युवा संगम रोजगार मेले में 240 युवक-युवतियों का कंपनियों में प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मन्दसौर, लीड बैंक के संयुक्त समन्वय से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नयाखेड़ा मंदसौर में किया गया। मेले का शुभारंभ नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं उपाध्यक्ष नम्रता चावला द्वारा किया गया। जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रशांत मैड़ा ने बताया कि मेले में कुल 360 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनका आठ विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया। कंपनियों द्वारा कुल 240 युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में उपस्थित विभिन्न विभागों द्वारा युवक-युवतियों को स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 44 लाख रुपये तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा 12 लाख रुपये के चेक हितग्राही समूहों को वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक शासकीय विभागों द्वारा सूचना-परामर्श हेतु स्टॉल भी लगाये गये।

### संकल्प के मुताबिक सरपंच ने नव विवाहिता को भेंट की सिलाई मशीन



**पिपलिया मंडी।** ग्राम पंचायत निनोरा के गांव खोखर में श्री पारसमल पाटीदार अध्यापक की पुत्री कविता कुमारी के विवाह समारोह में संकल्प के मुताबिक सरपंच प्रतिनिधि ठा.शिवपालसिंह शक्तावात ने शामिल होकर सिलाई मशीन भेंट की और नव दंपति को खुशहाल जीवन की मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### 14 दिसं. को श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज की साधारण सभा आयोजित की जाएगी

**रतलाम।** श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी समिति, महिला मंडल, युवा मंच एवं विशेष आमंत्रितो की उपस्थिति मे विगत दिनों बैठक संपन्न हुई। जिसमें यह तय हुआ कि समाज की साधारण सभा आयोजित की जाना है। उसमें समाज संविधान मे सुझाव एवं आपत्तियां 7 दिसंबर तक लिखित में आमंत्रित की गई है, प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियों पर ही आमसभा में विचार उपरांत निर्णय लिए जाएंगे। वर्तमान समिति का आय व्यय, लेखा-जोखा प्रस्तुत करना, विकास कार्य एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा ,पूर्व समिति पदाधिकारियों से अप्राप्त दस्तावेजों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए जाएंगे। साधारण सभा की सूचना सभी समाज जनों को घर-घर पहुंचने का प्रयास किया गया है। ,सभी समाज जनों से समाज की साधारण सभा में दिनांक 14 दिसंबर 2025, रविवार ,दोपहर 3 बजे श्रीमाली वास स्थित महालक्ष्मी परिसर पर शामिल होने का निवेदन अध्यक्ष नयन व्यास एवं प्रबंध कारिणी समिति श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज रतलाम करता है। उक्त जानकारी समाज सचिव श्री कुलदीप त्रिवेदी द्वारा प्रेषित की गई।



## राजेंद्र सूरी जी के 421 हस्त निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी रथ का नगर आगमन

**बड़नगर।** कलिकाल कल्पतरु युग पुरुष दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वर महाराज के आने वर्ष में जन्म द्विशताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत वर्ष में गुरुदेव हस्त निर्मित चार सो से अधिक चित्रों का रथ भ्रमण चल रहा है । इसी कड़ी में बड़नगर में भी रथ का आगमन हुआ। जहां राजेंद्र सूरी जान मंदिर पर श्री संघ के सदस्यों ने स्वागत किया। मुनिराज डॉ. लाभेश विजय जी की प्रेरणा से निकली इस रथ यात्रा का मालवा में स्वागत हो रहा है। ज्ञान मंदिर में गुरुदेव के 421 चित्रों व उनके साहित्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिनका अवलोकनश्री संघ के सदस्यों ने कियाम इसके पूर्व प्रदर्शनी का शुभारंभ त्रिस्तुतिक श्री संघ अध्यक्ष पुखराज सियाल, चारथुई श्री संघ अध्यक्ष प्रदीप बुरड़, स्थानक श्री संघ के राजकुमार पारख आदि ने समाजजनों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बाबूलाल तलेसरा, अशोक छाजेड़, मांगीलाल औरा, कैलाश औरा, निर्मल गोलेचा, विमलचंद खाबिया, प्रकाश बम, कमल चौधरी, सुशील श्री श्रीमाल, तलेश ओरा, साकेत गिरिया, अखिलेश चोपड़ा, आकाश वोहरा, सुनील श्री श्रीमाल, अमृतलाल भटेवरा सहित श्री संघ के सदस्य उपस्थित थे। गुरुदेव के चित्रों से संबंधित विस्तृत जानकारी शांतिलाल गोखरू ने प्रदान की वहीं प्रदर्शनी लेकर आए राजू भाई नानसा ने मालवा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे प्रदर्शनी संबंधित जानकारियां दी।गुरु वंदन संजय ओरा ने करवाया एवं यात्रा संयोजक राजू जैन ने यात्रा की पूरी जानकारी दी। नाहर ने बताया कि गुरुदेव के जीवन चरित्र को लेकर निकली इस यात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरदेव के बारे में जानकारी देना है। पूना से शुरू हुई यह यात्रा देश भर में भ्रमण करती हुई गुरु सप्तमी को श्री मोहन खेड़ा तीर्थ पहुंचेगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की आरती उतारी।

## अचानक निरीक्षण करने स्कूल पहुंचे बीईओ, बच्चों से पूछे पाठ्यक्रम के सवाल



### परीक्षा परिणाम 100 फीसदी बनाने में करें सहयोग

**सारंगपुर।** सारंगपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने गुरुवार को नैनवाड़ा के सरकारी हाईस्कल का औचक निरीक्षण किया। स्कूलों में पंजीकृत संख्या के सापेक्ष बच्चों की संख्या संतोषजनक मिली। उन्होंने कक्षाओं में बच्चों से सामान्य ज्ञान समेत पाठ्यक्रम से जुडे सवाल किए। जिनका बच्चों ने सही उत्तर दिया। अधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बीईओ सुरेश विरमाल ने निरीक्षण के दौरान अध्यापकों को और अधिक प्रयास के साथ बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने के निर्देश दिए गए। प्रतिदिन अभिभावकों से संपर्क कर स्कूलों में अधिक से अधिक नामांकन कराने तथा शत प्रतिशत बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शिक्षकों को संदर्शिका का नियमित प्रयोग करने और कक्षों में समयसारिणी चस्पा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने शत प्रतिशत परिणाम लाने हेतु बच्चों को बताया कि खूब मेहनत करें, अपना परिणाम बेहतर हो। निरीक्षण में बीईओ ने शाला में अध्ययनरत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों से बातचीत कर और सभी बच्चों को प्रेरणा भाषण देकर उन्हें ऊजार्वान बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। विषयों की तैयारी के लिए टिप्स बताएं। बीईओ लगातार हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्कूलों का दौरा करने में लगे हैं ताकि सारंगपुर ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी बने।

## गोस्वामी समाज मंडल ने मनाई गुरु दत्तात्रेय जयंती




**बड़नगर।** दशनाम गोस्वामी समाज मंडल ने गुरुवार को समाज के आराध्या गुरु भगवान दत्तात्रेय की जयंती भगवती माता मंदिर पर धूमधाम से मनाई । अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि पहले भगवान दत्तात्रेय का पूजन पाठ कर केला एवं हलवे की प्रसादी का भोग लगाकर गुरु की महाआरती की गई। इसके पश्चात सभी को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के महंत जितेंद्र भारती, कैलाश गिरी, जगदीश गिरी, किशोर गिरी, भेरू गिरी, आशुतोष भारती आदि समाज बंधु उपस्थित थे।

### विधि विभाग में मनाया गया अधिवक्ता दिवस

## महाविद्यालय शुजालपुर में अधिवक्ता एथिक्स का महत्व बताया

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय पीजी महाविद्यालय शुजालपुर के विधि विभाग में अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार शर्मा ने की, विशेष अतिथि विधि विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री गुप्ता रही। डॉ.संजय कुमार मिश्रा ने अधिवक्ता दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। प्रो.कृष्ण वल्लभ विश्वकर्मा ने अधिवक्ता के लिए ड्राफ्टिंग के महत्व को बताया, डॉ. राजेंद्र परमार ने रोचक उदाहरण के माध्यम से एडवोकेसी की गंभीरता के बारे में एवं डॉ.गुलाब सिंह मेवाडा ने अधिवक्ता एथिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ.जयश्री गुप्ता ने छात्रों को बताया कि विधि व्यवसाय में सतत अध्ययन की आवश्यकता होती है।

### युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिस मेला आयोजित

# मेले में 77 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा युवा संगम रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिस मेले का आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में किया गया, जिसमें 183 आवेदकों ने भाग लेकर साक्षात्कर दिया। युवा संगम में आमंत्रित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया आईपीएस ग्रुप आयशर देवास,यशस्वी अकेडमी फ ॉर स्कील देवास, एलपीएल बी एबल फ ाउण्डेशन इन्दौर, नवभारत फ र्टिलाईजर भोपाल, न्यू जील फेशन वियर धार,विजेए एग्रो भोपाल,पुखराज हेल्थ केयर भोपाल, जेएमवीडी बीजनेस शाजापुर, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा विभिन्न पंदों के लिए साक्षात्कार लेकर 77 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही जिला व्यापार एवं उघोग केन्द शाजापुर द्वारा 18 औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर द्वारा 5 एवं आरसेटी शाजापुर द्वारा 26 आवेदको का स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए हेतु चयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 55 आवेदको का हेल्थ चेकअप किया गया एवं श्रम विभाग द्वारा श्रम से सबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिग के माध्यम से मनोवेज्ञानिक एंव विषय विशेषज्ञ के द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी राजाराम कटारिया,प्राचार्य डॉ वी एस विभूति,बीएल गुवाटिया,बलवंत शितोले जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन,अमित सावनेर,सज्जाद अहमद कुरेशी, सूरेन्द्रसिह मालवीय,अशोक राठौर, बंशीलाल पाटीदार,संगीता विश्वकर्मा, जीवनलाल शर्मा,डॉ अलोक परमार, डॉ पवन माठोलिया,डॉ औमप्रकाश वर्मा, डॉ पन्नालाल सेन,आरएस प्रजापति, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राजेन्द्रसिंह राठौर, देवनारायण मालवीय आदि उपस्थित थे।

### विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद कर फीडबैक लेने का प्रारंभ किया नवाचार

## कलेक्टर ने सुनी हितग्राहियों की सफलता गाथाएं, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के प्रेरक कदम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना




युवा संगम कार्यक्रम के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने युवा संगम कार्यक्रम एवं अन्य माध्यम से लाभांवित विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों एवं निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त युवाओं से व्यक्तिगत संवाद कर नया नवाचार प्रारंभ किया। जिला कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष मूल्यांकन और हितग्राहियों के वास्तविक अनुभव जानना था। आज आयोजित संवाद कार्यक्रम में लगभग 10 विभागों के विभिन्न योजनाओं के 50 से अधिक हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

संवाद के दौरान हितग्राहियों ने अपने अनुभवो को किया साझा

एनआरएलएम की हितग्राही सोना खान ने बताया कि वह आज प्रतिमाह 25-30 हजार रुपये की आय अर्जित कर आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। पशु चिकित्सालय विभाग की योजना के लाभार्थी राकेश ने डेयरी व्यवसाय शुरू करने के अनुभव साझा किए। चेकमेट कंपनी में चयनित सुरक्षा गार्ड के रूप में चयनित युवाओं ने बताया कि वे 20 से 22 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही भगवानलाल ने अपने सब्जी व्यापार के बारे में विस्तार की जानकारी दी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी मुनेश कुशवाह ने बताया कि उनकी आय 5,000 रुपये से बढ़कर 20,000 रुपये प्रति माह हो गई है। मत्स्य विभाग के भूपेंद्र भदौरिया और अंतव्यवसायी योजना के हितग्राही रवि चंदेल ने भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। रवि चंदेल ने बताया कि वे 7 लाख रुपये के ऋण से सफलतापूर्वक व्यवसाय संचालित कर रहे हैं और अन्य युवाओं को भी रोजगार दे रहे हैं। समूह की किरण अहिरवार ने कृषि सखी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने, जैविक खेती को प्रोत्साहित करने और ड्रोन पायलट के रूप में कार्य करने की जानकारी दी।

## कृषकों की फार्मर आईडी नोडल अधिकारी नियुक्त

### भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक हुई

**शुजालपुर।** शासन निदेर्शानुसार समस्त कृषकों की फ ार्मर आईडी बनाई जाना है और पूर्व से बनी हुई आईडी मे लेंड पार्सल;सर्वे नंबर जोड़े जाना हैं। सहकारी समितियों व संस्थाओ मे पंजीकृत कृषकों के लिए उक्त कार्य संबंधित संस्था द्वारा किया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर ने फ ार्मर आईडी कार्य के लिए शासकीय सेवकों समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटर को नियुक्त किया हैं। साथ ही इस कार्य में सहयोग के लिए सहकारी समिति के मुख्यालय के संबंधित पटवारी को नोडल पटवारी नियुक्त करते हुए कार्य सौंपे गये हैं। संबंधित तहसीलदार इस कार्य के नोडल अधिकारी रहेगे और सम्पूर्ण कार्य 7 दिवस में पूर्ण करवाने के लिए उत्तरदायी रहेंगे। सहकारिता निरीक्षक शुजालपुर आरके खटीक 9826835855 ब्लॉक शुजालपुर की समस्त सोसाइटी के लिए तथा सहकारिता निरीक्षक कालापीपल राजेश देवड़ा 9981626353 ब्लॉक कालापीपल की समस्त सोसाइटी के लिए कार्य की मोनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध कराएंगे और 7 दिवस मे कार्य पूर्ण करवाएंगे। इकलेश परमार जेडीईओ तहसील शुजालपुर 9993186411, ब्लॉक शुजालपुर की समस्त सोसाइटी के लिए तथा उमेश शाक्य जेडीईओए तहसील कालापीपल 9993103403 ब्लॉक कालापीपल की समस्त सोसाइटी के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

## गीता भवन में 47 वां गीता जयंती महोत्सव संपन्न

**बड़नगर।** गीता भवन न्यास समिति द्वारा शुक्रवार को 47वां गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम अतिथि मनोज संगतानी विद्यांजलि स्कूल, इन्द्रजीत उपाध्याय, जितेन्द्र शर्मा, मधु लालावत द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पं. उपाध्यय ने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता देनिक जीवन में जीने की कला हमें प्रदान करती है। गीता को दिनचर्या बनाये अपने जीवन में अपनाये। श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशो के वाचन के साथ गीता का सार सुनाया गया साथ ही आयोजन में उपस्थित लगभग 150 बच्चों को गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने के महत्व बताये गए। संगतानी द्वारा जीवन को सुचारू रूप से चलने हेतु गीता हमें मार्गदर्शन प्रदान करते है। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के संकल्पों को अंगीकृत करते इस गीता भवन के उपदेशों, कार्यो और चल रही समस्त गतिविधयों से उपस्थित जन को अवगत करवाया गया।

### विधायक भैरो सिंह बापू ने विधानसभा में

## आउटसोर्स भर्ती पर उठाए सवाल, विभाग ने जानकारी संकलित करने की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

भोपाल में विधानसभा के तीसरे दिन गुरुवार को सुसनेर विधायक भैरो सिंह बापू ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में आउटसोर्स आधार पर की गई नियुक्तियों को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। प्रश्न क्रमांक 668 के माध्यम से उन्होंने विभाग से विस्तृत जानकारी मांगते हुए यह पूछा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेषकर आगर मालवा और उज्जैन संभाग में पूर्व से कार्यरत कितने आउटसोर्स कर्मियों को ग्रुप-डी मल्टी-स्किल वर्कर और डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में नियोजित किया गया है। विधायक बापू ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति महत्वपूर्ण है, लेकिन इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और उचित रिकॉर्ड का होना अनिवार्य है। उन्होंने मांग की कि जिला आगर मालवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कार्यालय द्वारा किए गए नियुक्तियों के संबंध में कलेक्टर की स्वीकृति, आदेश, नोटशीट और जारी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएँ।

इसके अलावा, उन्होंने पूछताछ की कि आउटसोर्स एजेंसी के चयन के लिए निकाली गई विज्ञप्ति/निविदा प्रक्रिया, रियल सिक्योरिटी सर्विसेज के टेंडर रिन्यूअल, निविदा समिति की सिफारिश और कलेक्टर की स्वीकृति की संपूर्ण जानकारी भी साझा की जाए। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार कार्यालय के माध्यम से बुलाकर नियोजन करने संबंधी दस्तावेज और रिकॉर्ड भी प्रस्तुत करने की मांग की। विधायक बापू ने उज्जैन संभाग में नियुक्त आउटसोर्स ग्रुप-डी वर्कर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के नाम, पिता का नाम, संस्था का नाम, आधार आधारित आयु, निवास का पता और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देने की भी मांग की। उनका कहना था कि इससे न केवल नियुक्तियों में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित होंगे।

प्रश्न के जवाब में उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधानसभा में कहा कि प्रश्न (क) से (ड) में मांगी गई जानकारी संकलित की जा रही है। जैसे ही पूरी जानकारी उपलब्ध होगी, उसे विधायी प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्तियों और संबंधित दस्तावेजों की उपलब्धता विभाग की पारदर्शिता और सरकारी सेवाओं की विश्वसनीयता के लिए अहम है। विधायक बापू के इस सवाल से यह स्पष्ट हुआ कि विधानसभा में ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लगातार निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है।

### सांसद खेल महोत्सव 2025

# युवाओं की खेलों के प्रति रुचि और सहभागिता बढ़ती है -विधायक






दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

मध्यप्रदेश में विभिन्न खेल और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवाओं की खेलों में रुचि और सहभागिता बढ़ती है।

यह बात विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने बुधवार को सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में आयोजित बड़नगर विधानसभा क्षेत्र युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव 2025 कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को अतिथि पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कान्हासिंह राठौर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन हरिकिशन मेलवाणी ने संबोधित किया। खेल महोत्सव अंतर्गत पारंपरिक खेल जिसमें रस्साकशी, लाठी, सतोलिया एवं मदर गेम जिसमें कबड्डी, कुश्ती, टेनिस बॉल क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉडी बिल्डिंग आदि प्रतियोगिता के आयोजन हुए। प्रतियोगिता पश्चात विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा मौजूद रहे।



## खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने दिया धरना

**खाचरोद।** किसान को पूरी खाद नहीं मिली तो धरने पर बैठे ओर नारेबाजी पुरजोर की गई। किसानों का कहना है कि 2 दिनों से बड़ी अम्मा लाइन में लगी हुई है। खेत के लिए 10 बोरी चाहिए परंतु 2 बोरी की पर्ची बनाई गई। जिससे वह टूट गई सरकार किसान को भरपूर खाद भी समय पर नहीं दे पा रहा है। किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसान अब आंदोलन के लिए अग्रसर है।

## भारतीय भाषा उत्सव की शुरूआत, छात्रों ने बनाया भाषा वृक्ष




**सुसनेर।** अपनापन का भाव जागृति करती है स्थानीय बोलियां इसी उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन जिलेभर की शालाओं में किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देश तथा जिला परियोजना अधिकारी महेश कुमार जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी और विकासखंड समन्वयक राधेश्याम पाटीदार के मार्गदर्शन में 4 से 11 दिसंबर तक भाषाएँ अनेक, भाव एक थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न होंगी। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर में उत्सव का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस पर जनशिक्षक रोशन बैग एवं नवाचारी शिक्षक भेरूलाल ओसारा के निर्देशन में कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने मिलकर भाषा वृक्ष का निर्माण किया। इस वृक्ष में प्रतिदिन 2 से 3 शब्द बुंदेली, बघेली एवं मालवी भाषाओं के जोड़े जाएंगे। गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्थानीय भाषाई विविधता को जानने-समझने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक भूपेंद्र सिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकराम पाटीदार, श्रीमती रेखा दांगी एवं रमेशचंद्र दांगी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## भारतीय भाषा उत्सव का 4 से 11 दिसंबर तक आयोजन




**सुसनेर।** जवाहर नवोदय विद्यालय, स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य आयोजन 4 से 11 दिसंबर तक किया जाएगा। यह उत्सव महान कवि सुब्रमणिया भारती की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई समृद्धि, बहुभाषिकता और भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। इस दौरान कई सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में श्रीमती ज्योति सिंह विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की विविधता और महत्त्व पर विशेष व्याख्यान देंगी। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित कर भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय ने उम्मीद जताई है कि यह उत्सव विद्यार्थियों में भाषाई गर्व और साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देगा और उन्हें भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूक बनाएगा।

## ठेकेदारों का भुगतान रुका, कलेक्टर से शिकायत की चेतावनी




**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर में कार्य कर चुके ठेकेदारों के भुगतान लंबे समय से लंबित होने के कारण ठेकेदारों में रोष व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर ठेकेदारों के एक समूह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर तुरंत भुगतान जारी करने की मांग की। ठेकेदारों का कहना है कि नगर परिषद को फंड प्राप्त हो चुका है। इसके बावजूद भुगतान रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि बिना किसी कारण बताए परिषद द्वारा राशि न जारी करना चिंता का विषय है। भुगतान न मिलने से ठेकेदारों पर आर्थिक संकट गहरा रहा है।




## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- मुक्केबाजी में भारत के लिए पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी का नाम बताएं?
  विजेंद्र सिंह
- रायमोना आरक्षित वन कहाँ स्थित है?
  असम
- केरल का 'ट्यूबर मैन' किसे कहा जाता है?
  शाजी एनएम
- चौथी बौद्ध संगीति किसके शासनकाल में हुई थी?
  कनिष्क
- एकमात्र सम अभाज्य संख्या क्या है?
  2
- अर्जेंटीना की राजधानी क्या है?
  ब्यूनस आयर्स
- 'उत्तराखंड का जवाहर' किसे कहा जाता है?
  जगमोहन सिंह नेगी
- पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मी नंदन बोरा किस क्षेत्र से संबंधित थे?
  साहित्य
- एस्टोनिया की राजधानी क्या है?
  तेलिन
- शरद विषुव किस तिथि को पड़ता है?
  सितम्बर 23
- भारत में कुषाण साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
  कुजुला कडफिसेस
- 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' कब मनाया जाता है?
  अक्टूबर
- शून्य एक धनात्मक या ऋणात्मक संख्या है। समझाना?
  शून्य न तो धनात्मक है और न ही ऋणात्मक।

साल का वो समय आ गया है। दिन छोटे हो गए हैं, हवा ठंडी हो गई है। और भले ही आप सोफे पर कंबल ओढ़े दुबके रहना चाहते हों, लेकिन व्यायाम की जरूरत सर्दियों में कम नहीं हो जाती।

# सर्दियों में बच्चों को सक्रिय रखने के मजेदार तरीके

साल का वो समय आ गया है। दिन छोटे हो गए हैं, हवा ठंडी हो गई है। और भले ही आप सोफे पर कंबल ओढ़े दुबके रहना चाहते हों, लेकिन व्यायाम की जरूरत सर्दियों में कम नहीं हो जाती।\

### बाहरी शीतकालीन गतिविधियाँ

सिर्फ.इसलिए कि बाहर ठंड है, इसका मतलब यह नहीं कि आपके बच्चों को घर के अंदर ही रहना होगा। उन्हें गर्म कपड़े पहनाएँ, कई परतों में, टोपी, स्कार्फ, दस्ताने या दस्ताने पहनाएँ—और अगर बर्फ. पड़ रही हो या कीचड़ हो तो जूते भी पहनाएँ। (एक अच्छा नियमः बड़े बच्चों और शिशुओं को वयस्कों की तुलना में एक परत ज्यादा कपड़े पहनाने चाहिए।)

• टहलने या जॉगिंग के लिए जाएं। • बफीर्ले दिनों में बर्फ का आदमी, बर्फ का किला या बर्फ की भूलभुलैया बनाएँ। बर्फ में लेटकर बर्फ के फरिश्ते बनाएँ। बर्फ के गोले फेंकें। स्लेजिंग करें। • बुलबुलों का पीछा करो। अगर बहुत ठंड होगी, तो वे जम जाएँगे। • स्कीइंग, स्केटिंग या स्नोशूइंग जैसे शीतकालीन खेलों का प्रयास करें। • किसी खेल के मैदान में जाएँ, टैग खेलें या अगर जमीन सूखी हो तो सॉकर बॉल किक करें। अगर जमीन इतनी गर्म हो कि नंगे हाथों से भी खेला जा सके, तो बास्केट बॉल शूट करें।

### घर के आसपास

अपने घर में सक्रिय खेल के लिए कुछ स्थान खाली रखें, ताकि आपके बच्चे बिना किसी चोट या किसी चीज को तोड़ने के जोखिम के, इधर-उधर घूमने का आनंद ले सकें।

• संगीत लगाएँ और नाचें। इसे और मजेदार बनाने के लिए ग्लो स्टिक का इस्तेमाल करें! • ऐसे खेल खेलें जिनमें गति की आवश्यकता हो। ट्विस्टर इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। साइमन सेज और चारेड्स के लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती, और आप इन्हें अपनी इच्छानुसार सक्रिय बना सकते हैं। • एक "मूव जार" बनाएँ। इसे कागज की पर्चियों से भरें जिनमें गति के लिए शब्द, वाक्यांश या चित्र हों। उदाहरण के लिए, जानवर या "राक्षस की चाल" जैसी गतिविधियाँ। हर बच्चे को एक गतिविधि चुनने को कहें जिसे आप दोनों मिलकर कर सकें। • छोटे बच्चे के लिए कुशन और तकिये के साथ एक बाधा कोर्स या कूदने का क्षेत्र तैयार करें। • अपने बच्चे को खिलौनों के साथ सक्रिय रूप से खेलने में व्यस्त रखें, घर में खिलौना कारों और ट्रकों के साथ घूमें, या एक बच्चे की गुड़िया को खेलने वाली गाड़ी में धकेलें। • फर्श पर हॉपस्कॉच पैटर्न बनाने के लिए टेप का उपयोग करें। • अगर आपके पास जगह हो, तो एक इनडोर बास्केटबॉल हूप लगाएँ, या एक टम्बलिंग मैट बिछाएँ। कूदने की रस्सियाँ, हुला हूप या घुड़सवारी और धक्का देने वाले खिलौने लाएँ। हॉलवे रेस का आयोजन करें। • बड़े बच्चे के लिए पुल-अप बार लगाएँ या वजन उठाने के लिए जगह बनाएँ। नाइकी ट्रेनिंग क्लब और स्वॉर्किट जैसे शारीरिक गतिविधि ऐप आजमाएँ।

### साल भर



मौसम चाहे कैसा भी हो इसे सकारात्मक और मजेदार बनाए रखें। बच्चों की रुचियाँ और उत्साह अलग-अलग होते हैं। एक दिनचर्या का पालन करें। अपने परिवार के लिए सबसे उपयुक्त गतिविधियों का समय निर्धारित करें और उस पर टिके रहें। सिर्फ.इसलिए कि सर्दी आ गई है, इसका मतलब यह नहीं कि आपको अपने बच्चे के स्कूल से घर आने पर उसकी भागदौड़ छोड़ देनी चाहिए। अगर उस समय आपके बच्चे में सबसे ज्यादा ऊर्जा होती है, तो उसे जारी रखें। अगर बाहर खेलना संभव न हो, तो सक्रिय रहने के नए तरीके खोजें। इसे तोड़-मरोड़कर करना ठीक है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा प्रतिदिन 60 मिनट व्यायाम करने की सलाह दी जाती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इसे एक ही बार में किया जाए। दस मिनट इधर-उधर और 20 मिनट उधर, स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए उतने ही प्रभावी हैं।

### सामुदायिक खेल स्थल और खेल सुविधाएं

• पता लगाएं कि क्या आपके समुदाय में छोटे बच्चों के लिए कोई इनडोर खेल का स्थान है।

• बड़े बच्चों के लिए कक्षाओं और गतिविधियों के लिए अपने स्थानीय मनोरंजन केंद्र की जाँच करें। • आइस स्केटिंग या रोलर स्केटिंग करें। • गेंदबाजी करना। • किसी इनडोर रॉक-क्लाइम्बिंग सेंटर या ट्रैम्पोलिन पार्क पर जाएँ। • स्थानीय मॉल के अन्दर लंबी सैर करें।

### संगठित गतिविधियाँ

व्यायाम को अपने बच्चों की साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का एक अच्छा तरीका है उन्हें किसी कक्षा में दाखिला दिलाना। अपने बच्चे को कोई खेल या गतिविधि चुनने में मदद करें जिसे वह आजमा सके। या फिर किसी खेल में उनके कौशल को निखारने के लिए निर्देश देने पर विचार करें।

कई समुदायों में विभिन्न प्रकार के सक्रिय खेलों के लिए शीतकालीन कक्षाएं या टीमें उपलब्ध हैं, जिनमें तैराकी, बच्चों के लिए योग, नृत्य, जिमनास्टिक, बास्केटबॉल, टेनिस, इनडोर फुटबॉल, मार्शल आर्ट, तलवारबाजी, स्केटिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और कई अन्य शामिल हैं।

इस शीत ऋतु में किसी कक्षा में आपका निवेश, आपके बच्चे को किसी नए खेल या गतिविधि के प्रति आजीवन प्रेम का कारण बन सकता है, जिसे शायद उसने अन्यथा नहीं आजमाया होता।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



## Sport



सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि क्रिकेट की विरासत हैं। हालांकि नए युग के क्रिकेटर्स जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा और जो रूट अपनी काबिलियत से इन रिकॉर्ड्स को चुनौती दे रहे हैं। सवाल यह नहीं कि ये रिकॉर्ड टूटेंगे या नहीं, बल्कि यह है कि जब वे टूटेंगे, तब दुनिया उन्हें कौन सा नया अर्थ देगी।

# सचिन तेंदुलकर के तीन बड़े रिकॉर्ड खतरे में!

## कोहली और रूट ने आंकड़ों पर बढ़ाया दबाव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट इतिहास में सचिन तेंदुलकर का नाम सम्मान, उपलब्धियों और असंभव रिकॉर्ड्स का प्रतीक माना जाता है, लेकिन अब समय के साथ उनके कुछ बड़े रिकॉर्ड ऐसे खिलाड़ियों की पहुंच में आते दिख रहे हैं जो लगातार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचा रहे हैं। चाहे वनडे हो या टेस्ट, तेंदुलकर के ऐतिहासिक आंकड़ों के करीब अब कुछ दिग्गज बल्लेबाज तेज रफ्तार से पहुंच रहे हैं और यही वजह है कि क्रिकेट जगत में चचाएं तेज हैं कि क्या सचिन के अटूट माने जाने वाले रिकॉर्ड अब टूटने के कगार पर हैं?

### घर पर सचिन का यह रिकॉर्ड खतरे में?

भारत में खेले गए वनडे मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने की सूची में सचिन तेंदुलकर 6976 रन के साथ अभी शीर्ष पर हैं, लेकिन इस लिस्ट में दो और भारतीय खिलाड़ी तेजी से आगे बढ़ते दिख रहे हैं। विराट कोहली अब तक 6562 रन बना चुके हैं और उनकी स्थिरता, फिटनेस और फॉर्म को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह रिकॉर्ड ज्यादा समय तक सुरक्षित नहीं रहेगा। वहीं, रोहित शर्मा भी 4938 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं और उनके पास भी यह अविश्वसनीय आंकड़ा छूने का मौका है, खासकर 2027 विश्व कप तक उनके खेलने की स्थिति को देखते हुए। वनडे में यह दौड़ सिर्फ रिकॉर्ड की नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के बदलते दौर की कहानी भी है।



### टेस्ट में भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड को चुनौती

सिर्फ वनडे में नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी सचिन का सबसे बड़ा रिकॉर्ड दबाव में है। यह रिकॉर्ड है सबसे ज्यादा टेस्ट शतकों (51) का। इस लिस्ट में इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और पहले से ही 40 टेस्ट शतक दर्ज कर चुके हैं। वह इस सूची में सचिन के अलावा बस रिकी पोंटिंग (41) और जैक कैलिस (45) से पीछे हैं। अब सिर्फ रूट ही वह खिलाड़ी हैं जो भविष्य में इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं।रूट की वर्तमान फॉर्म, अनुभव और निरंतरता स्पष्ट संकेत देती है कि वे अगले कुछ वर्षों में सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंच सकते हैं या शायद उसे पार भी कर जाएं। रूट एक जनवरी, 2023 से अब तक टेस्ट में 58 पारियों में 12 शतक लगा चुके हैं। वह इसी फॉर्म में रहे तो सचिन का रिकॉर्ड ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या रूट आगे भी इसी फॉर्म को बरकरार रख पाएंगे?

### 100 शतकों के करीब पहुंचे कोहली

कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो वनडे में दो शतक लगाकर यह साबित कर दिया कि रनों की उनकी भूख अभी खत्म नहीं हुई है। वह अब भी पहले जैसा दमखम रखते हैं। यही वजह है कि फैंस 'किंग इज बैक' के नारे लगा रहे हैं। कोहली वनडे में पहले ही सचिन के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं और अब उनकी नजर 100 शतकों के रिकॉर्ड पर है। कोहली वनडे में 53 शतक और ओवरऑल 84 शतक लगा चुके हैं। वह शतकों के शतक से 16 शतक दूर हैं। कोहली अब एक ही फॉर्मेट खेलते हैं और 100 शतक तक पहुंचना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं। साथ ही वह 37 साल के हो चुके हैं और ज्यादा से ज्यादा 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते दिखेंगे। तब तक भारत को ज्यादा वनडे नहीं खेलने हैं। हालांकि, लगातार दो मैचों में दो शतकों ने फैंस के मन में उम्मीदें जगाई हैं। कोहली सचिन को पीछे छोड़ते हुए किसी भी प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं।

एक जनवरी 2023 से अब तक कोहली तीनों प्रारूपों को मिलाकर 82 पारियों में 12 शतक लगा चुके हैं। इसके अलावा 15 अर्धशतक भी लगाए। रनों की भूख अब बढ़ चुकी है तो वह आगे उन अर्धशतकों को भी शतक में बदलने की कोशिश करेंगे।


**हेल्पर लडको की आवश्यकता**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470




**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696




**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | |
|---|---|
| 10 दिन | 1000/- |
| 20 दिन | 1500/- |
| 1 माह | 2000/- |

- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com